उज्जैन
सोमवार
04
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-180
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



पिता अच्छी-खासी नौकरी छोड़कर अमेरिका गए, वहां मजदूरी की 18 साल की गायकी में नाम नहीं बना पाई, धुरंधर से मिली पहचान सिंगर जैस्मीन सैंडलस की जिंदगी सफलता के साथ संघर्ष और दर्द से भरी रही

पेज- 8

## ईरान ने मानवता के खिलाफ उसके अपराध की कीमत अभी चुकाई नहीं है



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नए शांति प्रस्ताव की समीक्षा करने की बात कही है, लेकिन इसकी सफलता पर संदेह जताया। उन्होंने कहा कि ईरान ने अभी तक अपने अपराधों की कीमत नहीं चुकाई है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि वे ईरान के भेजे गए प्रस्ताव को जल्द देखेंगे, लेकिन इसके स्वीकार होने की संभावना कम है। उनका कहना है कि पिछले 47 साल में ईरान ने जो किया, उसके लिए उसे बड़ी कीमत चुकानी बाकी है। दरअसल ईरान की एजेंसियों के मुताबिक, तेहरान ने पाकिस्तान के जरिए अमेरिका को 14-पॉइंट प्रस्ताव भेजा है।

## मुंबई के पवई में तेज रफ्तार कार ने 3 लोगों को कुचला

**मुंबई।** मुंबई के पवई इलाके में तेज रफ्तार कार ने तीन पैदल चल रहे लोगों को टक्कर मार दी। यह घटना रविवार को जोगेश्वरी-विखरोली लिंक रोड पर महात्मा फुले नगर के पास हुई। हादसे में फुले नगर के तीन निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, हादसे के बाद कार चालक मौके से भाग गया और घायलों की मदद नहीं की। हालांकि बाद में आरोपी को पकड़ लिया गया है और उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घायलों को सायन अस्पताल रेफर किया गया।

## ईरान बोला- होर्मुज को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना देंगे



**तेल अवीव।** ईरान के सीनियर अधिकारी मोहसिन रजाई ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना दिया जाएगा। मोहसिन रजाई पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड में कमांडर रह चुके हैं। उन्होंने अमेरिकी सेना को समुद्री लुटेरा (पाइरेट) बताते हुए कहा कि अमेरिका दुनिया का इकलौता ऐसा पाइरेट है जिसके पास एयरक्राफ्ट कैरियर हैं। रजाई ने पिछले महीने इस्फहान में एक अमेरिकी एफ-15ए विमान गिराए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे उस विमान का मलबा पड़ा था, वैसे ही अमेरिकी जहाजों और सैनिकों का भी अंजाम हो सकता है।

## नेपाल बोला- भारतीय यात्री लिपुलेख से मानसरोवर न जाएं, यह हमारा इलाका

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने भारतीय तीर्थयात्रियों से लिपुलेख के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा न करने की अपील की है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि 1816 की सुगौली संधि के मुताबिक लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी क्षेत्र नेपाल का हिस्सा है। सरकार ने कहा कि लिपुलेख के रास्ते प्रस्तावित कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर उसने भारत और चीन दोनों को डिप्लोमैटिक तरीके से अपनी आपत्ति और चिंता से अवगत करा दिया है। नेपाल ने यह भी बताया कि वह पहले भी भारत से इस इलाके में सड़क निर्माण, व्यापार और पर्यटन जैसी एक्टिविटी न करने की अपील करता रहा है। नेपाल ने चीन को भी आधिकारिक तौर पर यह जानकारी दी है कि लिपुलेख उसका हिस्सा है।

### बंगाल की 293 सीटों पर वोटों की गिनती जारी

# मोदी ने जहां झालमुड़ी खाई वहां चारों सीटों पर बीजेपी आगे

### भवानीपुर से ममता आगे, सुवेंदु पीछे; पानीहाटी से आरजीकर रेप विक्टिम की मां को बढ़त



ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता

बंगाल की 293 सीटों पर वोटों की गिनती जारी है। एक सीट (फालता) पर 21 मई को फिर से चुनाव होगा। शुरूआती रुझान में भाजपा 127 और टीएमसी 111 सीटों पर आगे चल रही है। झाड़ग्राम में भाजपा चारों सीटों पर आगे चल रही है। झाड़ग्राम इस चुनाव में काफी चर्चा में रहा। पीएम मोदी ने यहां एक दुकान पर रुककर झालमुड़ी खाई थी। भवानीपुर सीट पर ममता बनर्जी आगे हैं। नंदीग्राम से सुवेंदु बनर्जी को बढ़त है। वहीं आरजी कर रेप विक्टिम की मां रत्ना देबनाथ को बढ़त है।

## बंगाल में खेला होबे!

### भाजपा ने तृणमूल की सांसें अटका दी, असम में हैट्रिक की ओर

देश के चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों की मतगणना जारी है। रुझानों में बंगाल में कड़ा मुकाबला नजर आ रहा है। वहीं केरल में भी एलडीएफ और यूडीएफ के बीच बराबरी का मुकाबला चल रहा है। असम में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने की ओर बढ़ रही है। इन परिणाम पर पूरे देश की नजरें टिकी हुई हैं।

**नतीजों के बाद विजय रैली निकालने की नहीं होगी इजाजत-** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि जीत हासिल करने वाले नेताओं को विजय रैली निकालने की इजाजत नहीं दी जाएगी। अधिकारियों ने ये भी बताया कि कुछ जगहों पर ऐसी शिकायतें मिली हैं कि पोलिंग एजेंट्स मतदान केंद्र नहीं पहुंच पाए हैं। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को देख रहे हैं और जल्द ही समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

## चलती कार बनी आग का गोला, परिवार बाल-बाल बचा

### ओरछा से इंदौर लौट रहा था परिवार



ब्रह्मास्त्र ›› गुना

गुना शहर के बड़े पुल के पास एक कार में अचानक आग लग गई। इंदौर का परिवार ओरछा से श्री राम राजा के दर्शन कर वापस इंदौर लौट रहा था, तभी गुना में ये हादसा हुआ। घटना में कार पूरी तरह जल गई। जाम के कारण फायर ब्रिगेड को पहुंचने में आधा घंटा लग गया।

मिली जानकारी के अनुसार, इंदौर के रहने वाले अंशुल मांडलिक अपने परिवार के साथ ओरछा दर्शन करने के लिए गए थे। शनिवार को वह झांसी में रुके। रविवार को दर्शन करने के बाद वह वापस इंदौर लौट रहे थे। कार में इनके साथ तीन महिलाएं, दो बच्चे थे। रविवार शाम वह गुना पहुंचे।

**अचानक गाड़ी में से धुआं उठने लगा-** रविवार शाम लगभग 8:50 बजे जैसे ही गाड़ी गुना शहर के बड़े पुल के पास पहुंची, अचानक गाड़ी में से धुआं उठने लगा। गाड़ी चला रहे अंशुल ने तत्काल गाड़ी सड़क किनारे लगाई और पूरे परिवार को गाड़ी से उतारा। देखते ही देखते गाड़ी ने आग पकड़ ली और पूरी गाड़ी आग का गोला बन गई।

अंशुल ने राहगीरों से फायर ब्रिगेड को बुलाने का निवेदन किया, जिसके बाद राहगीरों ने फायर ब्रिगेड को कॉल किया। सड़क के दोनों तरफ जाम लग जाने के कारण फायर ब्रिगेड को गाड़ी तक पहुंचने में लगभग आधा घंटा लग गया। तब तक कार पूरी तरह जल गई। गाड़ी में सीएनजी किट लगी हुई थी। हादसे में कार पूरी तरह जल गई। कार जल जाने के कारण परिवार पर आगे जाने को साधन नहीं बचा। ऐसे में पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा के बेटे अक्कू सलूजा आगे आए और उन्होंने परिवार को अपने होटल में आश्रय दिया।

## लखनऊ में युवती ने 11वीं मंजिल से लगाई छलांग, हालत नाजुक

ब्रह्मास्त्र ›› लखनऊ



लखनऊ में रविवार देर शाम एक निजी कंपनी में काम करने वाली 22 वर्षीय टेलीकॉलर शिवांशी पाल ने 11वीं मंजिल से छलांग लगा दी। घटना विभूतिखंड स्थित पार्श्वनाथ प्लाजा की है। वह वॉशरूम गई थी और वहीं की खिड़की से कूद गई। नीचे पहले फ्लोर पर बने टीन शेड से टकराने के बाद वह फर्श पर गिरी, जिससे उसकी जान बच गई, लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तुरंत डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। युवती के दाहिने हाथ में फ्रेक्चर है, जबकि पसलियों, पीठ और माथे पर भी गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस के अनुसार, शिवांशी रायबरेली की रहने वाली थी और लखनऊ में बहन के साथ किराये पर रहती थी। प्रारंभिक जांच में घटना के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है, हालांकि परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। पुलिस मोबाइल कॉल डिटेल समेत अन्य पहलुओं की जांच कर रही है, वहीं बहन ने बताया कि वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी।

### राजस्थान-बिहार समेत 10 राज्यों में आंधी-बारिश

## मौसम के कारण 3 लोगों की मौत

**जयपुर/देहरादून।** राजस्थान, बिहार और उत्तराखंड समेत 10 राज्यों में आंधी-बारिश का दौर जारी है। राजस्थान में रविवार को खराब मौसम के कारण तीन लोगों की मौत हो गई। दौसा के लालसोट और कोटपूतली-बहरोड़ के नारायणपुर में ओले गिरे। यूपी में आंधी-बारिश जारी है। आज कानपुर, सुल्तानपुर और बाराबंकी समेत 64 जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है। लखनऊ में सुबह-सुबह तेज हवा चल रही है। वहीं पिछले 24 घंटे में जालौन सबसे गर्म शहर रहा। यूपी के सुल्तानपुर में पेड़ की डाल गिरने से एक की मौत हो गई। राजस्थान के दौसा, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर और हनुमानगढ़ में आंधी के साथ बारिश हुई।

## जालौन में भीषण सड़क हादसा, छह की मौत

**जालौन।** यूपी के जालौन जिले में भीषण सड़क हादसा है। दुर्घटना में छह लोगों की जान चली गई जबकि चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।




### यूपी : दो बाइकों की टक्कर में घायलों की मदद करने पहुंचे लोग

## तेज रफ्तार कार ने उनको रौंदा, 8 की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› अंबेडकरनगर



उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर में रविवार देर रात एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। जलालपुर थाना क्षेत्र के अशरफपुर के पास पहले दो बाइकों की जोरदार टक्कर हुई। इस हादसे में घायल लोगों की मदद के लिए जुटे राहगीरों को कुछ ही देर बाद तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। इस भीषण सड़क हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है।

जानकारी के मुताबिक रात करीब 12 बजे सड़क पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे की खबर सुनते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे। लोग इंसानियत दिखाते हुए घायलों को संभाल रहे थे और उन्हें अस्पताल भेजने की तैयारी कर रहे थे।

### चीख-पुकार मच गई

इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े लोगों की भीड़ में घुस गई। देखते ही देखते वहां चीख-पुकार मच गई और कई लोग सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सीएचसी जलालपुर पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल दो अन्य लोगों को टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई।

## खबर एक नजर...

### चाकू दिखाकर लोगों को धमका रहा था बदमाश

**उज्जैन।** ग्राम खरसौदकलां ओरडी फंटा मार्ग पर शनिवार-रविवार रात चाकू दिखाकर बदमाश आने-जाने वाले लोगों को धमका रहा था। भाटपचलाना थाना पुलिस को सूचना मिली तो बदमाश को पकड़ने के लिये घेराबंदी की गई। बदमाश के हिरासत में आने पर उसके पास से साढ़े बारह इंच का लम्बा धारदार चाकू बरामद हो गया। प्रधान आरक्षक पुष्पराजसिंह ने बताया कि बदमाश इंदौर गौतमपुरा का रहने वाला सुधांशु उर्फ पिंटू पिता यशवंत पंड्या है। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मोबाइल पर डांट से नाराज नाबालिग घर से लापता, 18 दिन बाद बदनावर से मिली

**उज्जैन।** उज्जैन जिले के बड़नगर थाना क्षेत्र से लापता हुई 16 वर्षीय नाबालिग को पुलिस ने 18 दिन बाद बदनावर से ढूंढ निकाला है। परिजनों ने 14 अप्रैल 2026 को बड़नगर थाने में बेटी के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। नाबालिग के लापता होने का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया। तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने बालिका के मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल्स और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस ने संभावित ठिकानों पर दबिश दी और मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया। लगातार तलाश के बाद 2 मई को पुलिस को सूचना मिली कि बालिका बदनावर क्षेत्र के चंपेलिया गांव में है। सूचना पर पहुंची टीम ने घेराबंदी कर बालिका को ढूंढ निकाला। थाने लाकर पूछताछ में बालिका ने बताया कि मोबाइल चलाने पर मां की डांट और मोबाइल छीन लेने से नाराज होकर उसने घर छोड़ दिया था। उसने बताया कि वह बिना किसी को बताए बस से बदनावर पहुंची और वहां एक परिचित के यहां रुक गई थी। पुलिस पूछताछ में यह भी स्पष्ट हुआ कि बालिका के साथ किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई थी। आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पुलिस ने बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों को सौंप दिया।

### व्यायाम, सात्विक आहार और सकारात्मक ऊर्जा का दिया संदेश

**उज्जैन।** ग्राम में आयोजित निशुल्क नया दृष्टिकोण शिविर का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। समापन दिवस की शुरूआत ब्रह्म मुहूर्त में नाभि झटका व्यायाम से हुई, जिसमें साधकों ने भाग लेकर शरीर को ऊजार्वान बनाने के अभ्यास किए। शिविर में साधकों को प्रकृति के सानिध्य में आंतरिक शक्तियों को जागृत करने के लिए छह रसों से युक्त सात्विक भोजन के महत्व की जानकारी दी गई। बताया गया कि मधुर, अम्ल और लवण रस चंद्रमा से तथा कटु, कषाय और तिक्त रस सूर्य से प्राप्त होते हैं। इन सभी रसों से युक्त संतुलित आहार लेने से व्यक्ति पूरे दिन ऊजार्वान बना रहता है। समापन सत्र में प्रतिभागियों को प्रेम, आनंद और आपसी सहयोग की भावना विकसित करने के लिए गले मिलकर धन्यवाद देने के प्रयोग कराए गए। इससे वातावरण भावनात्मक और सकारात्मक बना रहा। शिविर के अंत में प्रतिभागियों को 20 प्रकार का ऊजार्वान अदृश्य नाश्ता वितरित किया गया। ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से आयोजन सफल रहा और सभी ने सीखी गई बातों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### दो माह बाद भी गरोठ हाइवे के धंसे हिस्से की नहीं हो सकी मरम्मत, आगे ब्रिज भी अधूरा

**उज्जैन।** नेशलन हाइवे उज्जैन-गरोठ रोड का धंसे हुए हिस्से की मरम्मत दो माह बाद भी निर्माण एजेंसी नहीं कर सकी। फुल हाइट के बाद 6 फरवरी को धंसे हिस्से के लिए फिर से दीवार खड़ी करते हुए भराव किया जा रहा है। अभी ऊपर करीब 10 फीट ऊंचा भराव होना है। निर्माण की इतनी धीमी रफ्तार के कारण पूरे हाइवे का उपयोग ही शुरू नहीं हो पा रहा है। उक्त हाइवे का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। सिर्फ देवास रोड ब्रिज से लेकर रेलवे पटरी के बीच का कुछ हिस्सा बचा है। रेलवे ब्रिज बनाने के लिए हाल ही में काम शुरू किया है।

## सिंहस्थ के लिए उज्जैन में गेंदा एवं गुलाब की खेती को बढ़ाया जाएगा

# 19 एकड़ भूमि पर 15 करोड़ लागत से फूलों की खेती के लिए उत्कृष्ट केंद्र का प्रस्ताव

### गेंदा 1,600 से 4,200 हेक्टेयर एवं गुलाब 68 से 250 हेक्टेयर करने का प्रस्ताव


ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ में फूलों की चिंता  अभी से अधिकारियों ने ले ली है। इसके लिए दो योजनाओं पर काम किया जा रहा है। पंचक्रोशी यात्रा मार्ग पर फूलों के केंद्र को विकसित किया जाने की दिशा में पहल की जा रही है। जल्द ही इस मार्ग पर शहर से 16 किलोमीटर दूर यहां केंद्र बनाए जाने की योजना को अमलीजामा पहनाया जा सकता है।

फूल सिंहस्थ 2028 के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं। मेगा तीर्थयात्रा कार्यक्रम में अनुमानित 30-35 करोड़ भक्तों के लिए बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और विश्व स्तरीय सुविधाओं के लिए जोर देने के बाद, अब उज्जैन में फूलों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए दो अलग-अलग योजनाएं बनाई गई है। जल्द ही इन पर अमल शुरू होने वाला है।

सिंहस्थ के दौरान ताजगी, चमक और रंगीन फूलों की पंखुड़ियों की सुनिश्चितता के लिए फूलों के पौधों की





कतार लगाना महत्वपूर्ण है, राज्य ने केंद्र की सहायता से 19 एकड़ भूमि पर 15 करोड़ रुपये की लागत से फूलों की खेती के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र का प्रस्ताव रखा है। फूलों की खेती के लिए उत्कृष्टता केंद्र पंचकोशी मार्ग पर, उज्जैन से 16 किमी दूर योजना बनाई गई है, जो एमपी में अपनी तरह की पहली इकाई होगी। यह केंद्र फूलों की खेती में अनुसंधान को प्रोत्साहित करेगा और जिले के किसानों को पंखुड़ियों के उत्पादन को बढ़ाने और उनकी गुणवत्ता को सुधारने के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा।

### गेंदा-गुलाब क्लस्टर

सिंहस्थ 2028 के उपयोग के लिए दूसरी योजना में जिले में गेंदा और गुलाब की खेती का क्लस्टर-आधारित विकास शामिल है। उज्जैन में गेंदा की खेती 1,600 हेक्टेयर में करने का प्रस्ताव है, जबकि 240 गांवों के 25 क्लस्टरों में 4,200 हेक्टेयर में इन पीले फूलों की खेती को बढ़ाने की योजना बनाई गई है, क्योंकि सिंहस्थ के दौरान इसकी उच्च मांग की उम्मीद है। इसी तरह, जिले में गुलाब की खेती, जो वर्तमान में 68 हेक्टेयर में फैली हुई है, को 50 गांवों में 6 क्लस्टरों में 250 हेक्टेयर से अधिक तक बढ़ाने का प्रस्ताव है, जैसे-जैसे तीर्थयात्रा नजदीक आती है।अधिकारियों के अनुसार, इस केंद्र में केंद्रीय और राज्य सरकारों के साथ-साथ निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता भी शामिल होगी।क्लस्टर-आधारित विकास योजना गेंदा और गुलाब पर केंद्रित होगी, क्योंकि ये दोनों किस्में मंदिरों में सबसे अधिक चढ़ाई जाती हैं और धार्मिक समारोहों में भी उपयोग की जाती हैं। राज्य ने पहले ही इस आयोजन के दौरान भीड़ को कम करने के लिए एक महत्वाकांक्षी गतिशीलता योजना तैयार कर ली है।

### अभी भी देश के कई हिस्सों में निर्यात

वर्तमान में भी उज्जैन से ट्रेन के माध्यम से गेंदा, गुलाब एवं चमेली सहित अन्य किस्मों के फूलों की बडी मात्रा में देश के अन्य कई बडे शहरों में निर्यात किया जाता है। अकेले खाचरौद एवं उज्जैन से ही ट्रेन के माल वैगन भरे जा रहे हैं। शादी विवाह के मौसम में मांग के अनुसार देश के कई हिस्सों में यहां से फूलों की आपूर्ति की जा रही है।

# जिला शिक्षा केंद्र में इंजीनियरों से उगाही, कोड वर्ड लड्डू और मिठाई

### सभी इंजीनियरों के वाट्सएप ग्रुप जेडएसके इंजीनियर सूचना ग्रुप की ऐसी कई चैटिंग सामने आई, जिसमें खुलेआम रुपयों की बातचीत हो रही


ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जिला शिक्षा केंद्र में इंजीनियरों से खुलेआम उगाही का खेल चल रहा है। इसका कोड वर्ड है लड्डू और मिठाई। इंजीनियरों से कभी डीपीसी के नाम पर दीपावली पर मिठाई बांटने के नाम पर, तो कभी भोपाल मिठाई भेजने के नाम पर खुलेआम रुपए देने के लिए कहा जाता है।

जिला शिक्षा केंद्र के अंतर्गत सभी इंजीनियरों के वाट्सएप ग्रुप जेडएसके इंजीनियर सूचना ग्रुप की ऐसी कई चैटिंग सामने आई है, जिसमें खुलेआम रुपयों की बातचीत हो रही है। इसके अलावा जानबूझकर मान्यता की फाइलें अटकाने, मिठाई के रुपए भेजने के लिए यूपीआई स्कैनर की फोटो भेजने सहित कई ऐसे मैसेज और पोस्ट भी सामने आई है, जो यह साबित करती है कि रुपयों का खेल खुलेआम चल रहा है।

जिला शिक्षा केंद्र के अंतर्गत पूरे जिले में कुल 13 इंजीनियर हैं। इधर, डीपीसी ने इंजीनियरों के इस मैसेज पर हैरानी जताते हुए कार्रवाई की बात कही है। इस संबंध में जब इंजीनियर संदीप जैन से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि लड्डू के लिए रुपए लेने जैसी कोई बात ही नहीं है। वहीं इंजीनियर वल्लभसिंह राठौर भी मुकर गए। बोले- मैंने मिठाई या लड्डू के डिब्बे का कोई मैसेज पोस्ट नहीं किया है।

**ग्रुप पर इस तरह कोड वर्ड से हो रही रुपयों की डिमांड-** इंजीनियर संदीप जैन ने इंजीनियर मनीष शर्मा के मैसेज को टैग करते हुए पोस्ट किया। जैन साहब भोपाल की मिठाई का बोल रहे हैं। क्या करना है सभी बताओ। राशि 214.67 लाख रुपए है। इस लिस्ट के




नीचे लिखा है- इसके अनुसार करना है।

इंजीनियर संदीप जैन ने ग्रुप पर यूपीआई स्कैनर की फोटो भेजकर मैसेज पोस्ट किया। उसके नीचे लिखा कि मिठाई के 800 रुपए इस पर भेज दो सभी।

इंजीनियर वल्लभ राठौर ने ग्रुप पर एक मैसेज फॉरवर्ड किया है। लिखा- डीपीसी सर द्वारा भोपाल से प्राप्त निर्देश अनुसार 20 डिब्बे 500-500 ग्राम इच महाकाल प्रसाद के भेजना है। उसकी जवाबदारी निर्माण शाखा को दी है। आज ही खरीदकर कल सुबह की ट्रेन से भेजना है। तो जो भी फंड जमा है, जैन साहब के पास, उसमें से खरीद लें? यदि कोई आपत्ति हो तो जैन साहब/डीपीसी साहब से बात कर लें प्लीज।

हमने कभी भी किसी को लड्डू के लिए शेयर कलेक्ट करने को नहीं कहा। हमें लड्डू बांटना होंगे तो हम अपने रुपयों से बांटेंगे। अगर किन्हीं इंजीनियरों ने मेरा नाम का इस्तेमाल कर इस तरह से कोई मैसेज भेज रुपए लिए हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

**- अशोक कुमार त्रिपाठी, डीपीसी**

## उज्जैन पुलिस ने नीट परीक्षार्थियों का साल बचाया

# 15 मिनट में फोटो दिलाई छात्रा को सही सेंटर पहुंचाया



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन पुलिस ने रविवार को आयोजित नीट परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की सहायता कर उनका महत्वपूर्ण साल खराब होने से बचाया। पुलिस ने एक छात्र को 15 मिनट में आवश्यक फोटो उपलब्ध कराई, वहीं एक छात्रा को परीक्षा शुरू होने से ठीक 5 मिनट पहले सही केंद्र तक पहुंचाया।

यह घटना बालक छात्रावास सराफा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारधाम केंद्र पर हुई। महिदपुर से आए एक छात्र को दस्तावेज सत्यापन के दौरान अनिवार्य पासपोर्ट साइज फोटो नहीं मिली। दोपहर 1:15 बजे छात्र ने पुलिस से संपर्क किया, जबकि परीक्षा में प्रवेश का समय 1:30 बजे निर्धारित था।

महाकाल थाना क्षेत्र में तैनात सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) चंद्रभान सिंह चौहान ने तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने महज 15 मिनट के भीतर छात्र के लिए फोटो की व्यवस्था कराई, जिससे वह समय पर परीक्षा में शामिल हो सका। इसी दौरान एक अन्य छात्र को आधार कार्ड उपलब्ध कराकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिलाया गया।

एक अन्य मामले में, एक छात्रा गलती से बालक छात्रावास सराफा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारधाम केंद्र पर पहुंच गई थी। दोपहर 1:25 बजे जब वह गलत केंद्र पर पहुंची, तो परीक्षा शुरू होने में केवल पांच मिनट शेष थे। अरक चंद्रभान सिंह चौहान ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तुरंत पायलट वाहन की व्यवस्था कर छात्रा को महाराजवाड़ा क्रमांक 01 स्थित सही परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से छात्रा परीक्षा शुरू होने से ठीक 5 मिनट पहले अपने केंद्र पर पहुंच सकी।

उज्जैन के पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने भी परीक्षा के दौरान विभिन्न केंद्रों पर व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया।

उज्जैन
सोमवार
04
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

विद्या वितर्का विज्ञानं स्मतिः तत्परता क्रिया।
यस्यैते षड्गुणास्तस्य नासाध्यमतिवर्तते।।

**अर्थः** ज्ञान, तर्क, विज्ञान, स्मृति, तत्परता और दक्षता, जिसके पास ये छह हैं, उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है।

## खबर एक नजर...

### नीटः नाक का काटा नहीं निकला तो क्लिनिक भेज लेजर से कटवाया



**इंदौर।** मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट (यूजी) रविवार को इंदौर के 57 केंद्रों पर हुई। 20 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इंदौर में एक सेंटर पर छात्रा की नाक का कांटा निकालने की कोशिश की गई, लेकिन वह नहीं निकल पाया। तुरंत पास ही स्थित डेंटल क्लिनिक पहुंचकर लेजर से काटकर नाक का कांटा निकलवाया गया। फिर छात्रा परीक्षा देने पहुंची।

### इंदौर के बालाजी हाइट्स के फ्लैट में लगी आग



**इंदौर।** लसूड़िया इलाके में रविवार करीब 5 बजे के लगभग महालक्ष्मी नगर इलाके मे बालाजी हाइट्स के एक फ्लेट में आगजनी हो गई। सूचना के बाद यहां दमकल की गाड़ी पहुंची। जानकारी के मुताबिक आग पर काबू कर लिया गया। मौके पर दमकल के अधिकारी मौजूद हैं। फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के मुताबिक लसूड़िया इलाके के बालाजी हाइट्स पर रविवार को छठे फ्लोर पर स्थित एक फ्लेट में आग की सूचना मिली थी। सूचना के बाद दमकल की गाड़ी को रवाना किया गया। यहां एएसआई शोभाराम मालवीय टीम के साथ पहुंचे थे। जानकारी के मुताबिक शॉर्ट शर्किट से आग लगने का कारण सामने आया है। टीआई राजकुमार यादव के मुताबिक सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। फ्लेट पिछले कुछ दिनों से बंद है। यहां रहने वाला परिवार बाहर गया है। आग के चलते फ्लैट के अंदर पूरी गृहस्थी का सामान जल गया। लोग आग लगने के बाद बाहर आ गए थे। आग शार्ट शर्किट के चलते लगी है। फ्लेट कुलदीप डामोर का है जो चारधाम यात्रा पर गए हैं।

### आईपीएल सट्टे में दो ओर लोगों की तलाश में टीम

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच क्ढछ सट्टे के मामले में दो लोगों की तलाश में है। इसमें एक वह है जो लोगों को आईडी पासवर्ड देता जबकि दूसरा वह है जिसकी आईडी थी। बता दें कि क्राइम ब्रांच ने क्ढछ का सट्टा ऑपरेटर करने वाले एक सूदखोर को एरोड्रम इलाके से पकड़ा था और शनिवार को इसका खुलासा किया था। इसमें खास बात यह थी कि वह लोगों को मैच में पैसा लगाने के लिए भी देता था और उन पैसों पर ब्याज पर लेता था। जब वह ब्याज के लिए लोगों को परेशान करने लगा तो इसकी जानकारी क्राइम ब्रांच को लग गई, जिसके बाद क्राइम ब्रांच ने उसे रंगेहाथों पकड़ लिया था। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने धर्मराज कॉलोनी थाना एरोड्रम इंदौर से शुभम उर्फ मोनू यादव को क्ढछ का सट्टा ऑपरेट करते हुए रंगेहाथों पकड़ा था। उससे पूछताछ की गई और उसके मोबाइल चेक किए गए तो कुछ अहम जानकारी हाथ लगी है, जिसके आधार पर टीम आगे काम कर रही है। इस मामले में दो ओर लोगों की तलाश है। इसमें एक जो है शुभम की तरफ सट्टा आपरेट करता है, जबकि दूसरा वह है जिसकी ये आईडी है।

### एमआईसी मेंबर ने मौके पर पहुंचकर पकड़ा, कहा - ऐसा करोगे तो जूते मारेंगे

# नगर निगम के हाईड्रेंट से भर रहा था पानी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में एमआईसी मेंबर ने नगर निगम के हाईड्रेंट से अवैध रूप से पानी भरते हुए एक टैंकर चालक को पकड़ लिया। जब उससे नगर निगम से संबंधित दस्तावेज या लॉगबुक मांगी तो वह भी उसके पास नहीं थी, जो कि अनुबंधित टैंकरों के पास होना अनिवार्य है। दरअसल, ये बात निकलकर सामने आई है कि कुछ टैंकर चालक निगम के हाईड्रेंट से पानी भरकर उन्हें बेच देते हैं।

पिछले दो दिनों से इस टैंकर चालक की शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद रविवार को टक्ळ मेंबर ने उसे रंगेहाथ पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि पहले इस टैंकर का नगर निगम से अनुबंध था, लेकिन ये पानी बेच दिया करता था, जिसके चलते इसे हटा दिया गया था।

पिछले दो दिन से इसकी हाईड्रेंट से पानी भरने की शिकायत मिल रही थी। इस पर आजाद नगर स्थित नगर निगम के हाईड्रेंट पर पहुंचे जहां पर ये





टैंकर में पानी भर रहा था, तभी इसे पकड़ लिया। उससे जब नगर निगम से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे तो वह उपलब्ध नहीं करा सका, जबकि अनुबंधित टैंकर चालकों के पास ये दस्तावेज होना अनिवार्य है।

**कहां ऐसा करोगे तो जूते मारेंगे-** एमआईसी मेंबर ने चालक को कहा कि तुम यहां से पानी भरकर बेच रहे हो। उन्होंने वहां के संबंधित कर्मचारी को भी कहा कि जिन टैंकरों को हटा दिया गया है, वह टैंकर यहां से नहीं भराना चाहिए। जिनका अनुबंध है, वहीं टैंकर यहां से भराए इस बात का ध्यान रखा जाए। उन्होंने चालक से कहा कि अब तुम्हें थाने भेज दे, इस पर वह माफी मांगने लगा। मामा ने चालक से कहा कि तुम बीच में आओगे और ऐसा करोगे तो तुम्हें जूते मारेंगे। लोगों को पानी नहीं मिल रहा है और तुम यहां से पानी भरकर बेचने के लिए ले जा रहे हो। शर्म नहीं आ रही है क्या। एमआईसी मेंबर ने इसकी जानकारी महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को दी है।

### जनगणना कार्य में लापरवाही

## 289 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

### अनुपस्थिति पर सख्त रुख, विभागीय जांच और एफआईआर की चेतावनी, 4 मई तक मांगा जवाब

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। निगम कमिश्नर व प्रमुख जनगणना अधिकारी क्षितिज सिंघल ने कार्य पर उपस्थित नहीं रहने वाले कुल 289 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

दरअसल जनगणना कार्य के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बावजूद 1 मईसे लगातार सूचना



दिए जाने के बाद भी कई कर्मचारी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं हुए। प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही और अनुशासनहीनता मानते हुए कहा है कि यह मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधानों का उल्लंघन है। इस मामले में दोषी पाए जाने पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। संबंधित कर्मचारियों को नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत विभागीय जांच प्रस्तावित की गई है। साथ ही जनगणना अधिनियम 1948 की संबंधित धाराओं के तहक एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई भी की जा सकती है। सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे तत्काल ड्यूटी जॉइन करें और अपना संतोषजनक स्पष्टीकरण 4 मई शाम 5.30 बजे तक चार्ज अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा तक जवाब नहीं देने या ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

## शराबी पति ने पहले पीटा फिर पत्नी के प्राइवेट पार्ट में डाली मिर्च

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

रिश्तों को कंलकित करने वाला मामला सामने आया है। एक पति ने विवाद के बाद शराब के नशे में पत्नी के प्राइवेट पार्ट में मिर्च पाउडर डाल दिया। उसकी हालत इतनी बिगड़ गई कि दो अस्पतालों में उपचार कराना पड़ा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह सिलाई का काम करती है। शनिवार रात उसका पति शराब के नशे में घर पहुंचा और शादी से पहले के संबंधों को लेकर उस पर आरोप लगाने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने अपशब्द कहे और पानी भरने की नली से बेरहमी से मारपीट की, जिससे महिला को गंभीर चोटें आईं। पीड़िता के अनुसार, जब वह जमीन पर गिर गई तो आरोपी मिर्च पाउडर लाकर उसके प्राइवेट पार्ट में डाल दिया। दर्द से वह जोर-जोर से चीखने लगी। शोर सुनकर उसका बेटा और ननद मौके पर पहुंचे और उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के बाद महिला के बयान के आधार पर गांधी नगर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दिगंबर जैन महिला परिषद का दो दिवसीय अधिवेशन संपन्न हुआ

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद का दो दिवसीय 39वां राष्ट्रीय अधिवेशन चंद्रलीला रिसोर्ट में संपन्न हुआ। आज दूसरे दिन के मुख्य अतिथि युवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशांत समैया एवं विशेष अतिथि हंसमुख गांधी थे। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जैन, केंद्रीय अध्यक्ष निर्मला जैन, सुमन जैन, पुष्पा कासलीवाल एवं प्रतिभा बांझल द्वारा ध्वजारोहण एवं भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। इसके पश्चात महिला परिषद की केंद्रीय अध्यक्ष निर्मला जैन ने स्वागत भाषण देते हुए देशभर से आए केंद्रीय परिषद एवं महिला परिषद के पदाधिकारियों तथा प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उनके चार वर्षीय कार्यकाल में 19 प्रांतों में



सक्रिय महिला परिषद के संभागों एवं शाखाओं की पदाधिकारी और सदस्य सखियों ने सक्रियता, सजगता एवं लगनशीलता से कार्य करते हुए परिषद के ध्येय वाक्य सर्व कल्याणम को ध्यान में रखकर धर्म, समाज, संस्कृति, गौ सेवा एवं मानव सेवा के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। इसके लिए उन्होंने सभी को बधाई दी।

केंद्रीय महासचिव प्रभा जैन ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि निर्मला जी के नेतृत्व में केंद्रीय महिला परिषद की देश-विदेश में सक्रिय सभी संभागों एवं शाखाओं ने अनेक सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक कार्य किए। स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए तथा आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग को चिकित्सा एवं शिक्षा सहायता प्रदान की गई। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। स्कूलों में लैपटॉप, पंखे एवं वाटर कूलर मशीन वितरित किए गए तथा दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल एवं अन्य उपकरण प्रदान किए गए, जिससे देशभर में परिषद की सराहना हुई।

मुख्य अतिथि प्रशांत समैया ने कहा कि महिला परिषद द्वारा सर्व कल्याणम की भावना से समाजहित में किए जा रहे कार्य वंदनीय हैं। विशेष अतिथि हंसमुख गांधी ने कहा कि समाज में महिला प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। सभी क्षेत्रों में महिलाएं सशक्त एवं सक्रिय हैं। समय की मांग है कि बेटियों को पंख दिए जाएं और बेटों को संस्कार दिए जाएं। साथ ही बच्चों को केवल नौकरी की ओर प्रेरित करने के बजाय व्यवसाय के लिए भी प्रोत्साहित किया जाए। अधिवेशन में विभिन्न प्रांतों से आए संभागों ने आकर्षक ढंग से बैनर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए।

मीडिया प्रभारी मुक्ता राजेश जैन एवं रुचि चोविश्या जैन ने बताया कि समापन से पूर्व परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जैन ने आगामी कार्यकाल के लिए महिला परिषद की मनोनीत अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला सिंघई को करतल ध्वनि के बीच पद एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। निवृत्तमान अध्यक्ष निर्मला जैन ने उन्हें बधाई देते हुए अध्यक्ष की आसंदी पर विराजित किया एवं अध्यक्षीय पिन लगाई। इस अवसर पर मनोनीत अध्यक्ष शकुंतला सिंघई ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए परिषद के 100 वर्षीय गौरवशाली इतिहास को नमन किया। उन्होंने कहा कि परिषद त्याग, तप, सेवा, समर्पण एवं संगठन की अटूट परंपरा की जीवंत प्रतीक रही है। उन्होंने अपने कार्यकाल की थीम परिषद के माध्यम से सहज सेवा घोषित करते हुए कहा कि सेवा, संवेदना एवं सहयोग परिषद की पहचान होगी।

## खबर एक नजर...

### भूमि विकास बैंक के किसानों का कर्ज माफ करे सरकारः सुरेंद्र सांखला

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सांखला ने राज्य सरकार से मांग की है कि भूमि विकास बैंक के कर्जदार किसानों के कर्ज माफ किए जाएं। सांखला ने बताया कि दिग्विजय सिंह सरकार के कार्यकाल में किसान बिजली पानी सड़क और विपणन की समस्याओं से परेशान होकर कर्ज में डूब गया था। इसके चलते मध्य प्रदेश में भूमि विकास सहकारी बैंक के कई किसानों पर कर्ज का इतना बोझ रहा कि वे इसे चुका नहीं पाए और इसी कारण कृषि प्रधान राज्य होने के बावजूद लाखों किसान आज भी डिफॉल्टर सूची में हैं। सांखला ने कहा कि मध्य प्रदेश राज्य कृषि सहकारी भूमि विकास बैंक का मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बैंक अपेक्स में संविलियन कर दिया गया है लेकिन किसान अपना पैसा जमा करने कहां जाएं यह बताने वाला कोई नहीं है। किसानों की ऋण पुस्तिका और खतौनी में दर्ज कर्ज के कारण वे आज भी भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं और अपेक्स बैंक वर्षों से इसका निराकरण नहीं कर रहा है। सांखला ने मांग की है कि सरकार को आगे आकर किसानों की इस समस्या का निदान करना चाहिए तथा राज्य सहकारी कृषि ग्रामीण विकास बैंक के समस्त किसानों के कर्ज माफ किए जाने चाहिए ताकि उन्हें क्रेडिट कार्ड बनवाने एवं अन्य कृषि उपक्रमों के लिए बैंकों से ऋण लेने में आ रही परेशानी दूर हो सके। उन्होंने कहा कि कर्ज माफ कर सहकारी विभाग को किसानों की इस बड़ी समस्या का शीघ्र निराकरण करना चाहिए।

### चरक अस्पताल में सामूहिक गर्भ संस्कार संपन्न

**उज्जैन।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी अभियान के तहत शहर के चरक अस्पताल में सामूहिक गर्भ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अस्पताल की सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया की सहमति तथा मेडिकल ऑफिसर डॉ. निधि जैन एवं डॉ. ईशिता शास्त्री की व्यवस्था और सराहनीय सहयोग से गायत्री परिवार की महिलाओं द्वारा 30 गर्भवती महिलाओं के गर्भ संस्कार व चार महिलाओं के गभार्धान संस्कार संपन्न करवाए गए।

कार्यक्रम में उप जोन समन्वयक उर्मिला तोमर ने गर्भवती माताओं को गर्भ संस्कार के पांच प्रमुख सूत्र बताए।

## एलिवेटेड ब्रिज के विरोध में सड़क पर उतरी कांग्रेस, निकाला पैदल मार्च

# प्राचीन नगरी का स्वरूप बिगाड़ रही सरकार, 10-12 हजार लोगों का छिनेगा आशियाना और रोजगार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शहर के बीचों-बीच प्रस्तावित एलिवेटेड ब्रिज के विरोध और व्यापारियों के समर्थन में शहर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में निकास चौराहे से कंठल, दौलतगंज, इंदौर गेट और रेलवे स्टेशन होते हुए देवास गेट चौराहे तक पैदल मार्च निकाला गया। यहां देवास गेट चौराहे पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी और नेता प्रतिपक्ष डॉ रवि राय ने सभा को संबोधित किया। कांग्रेस का स्पष्ट तर्क है कि शहर के इस प्रमुख मार्ग पर एलिवेटेड ब्रिज की कोई आवश्यकता नहीं है। आगे जाकर यह महाकाल ब्रिज में मिल जाएगा, जिससे वहां ट्रैफिक का अनावश्यक दबाव और अधिक बढ़ जाएगा।

पैदल मार्च में व्यापारियों सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए निकले। रास्ते भर जगह-जगह व्यापारियों ने शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी को रोककर अपनी पीड़ा बताई। शहर अध्यक्ष ने सभी को आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी उनके हितों की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ेगी और किसी का भी व्यापार खत्म नहीं होने दिया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष डॉ रवि राय ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी व्यापारी भाइयों के साथ मजबूती से खड़ी है। हजारों वर्ष पुरानी धार्मिक, पौराणिक, आध्यात्मिक और प्राचीन अवंतिका नगरी के महत्व को खत्म किया जा रहा है। यहां जमकर तोड़फोड़ की जा रही है, जिससे 10 से 12 हजार लोगों के आवास, मकान, दुकान और व्यापार छिन रहे हैं। इसके बावजूद सरकार किसी भी प्रकार की सुनवाई करने को तैयार नहीं है। संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि इस पैदल मार्च में मुख्य रूप से अशोक सारवान, अजीत सिंह ठाकुर, राजेश राणा, धीरज यादव, अभिषेक शर्मा, संचित शर्मा, दुर्गेश धवन, आनंद मीणा, बब्लू खींची, मोंटू चंदेल, रहीम लाला, वसीम बंटी, दीनू बड़ोदिया, राहुल लोट, श्याम जटिया, रमेश सांखला, गजेंद्र मारोठिया, अतुल सक्सेना, हर्षवर्धन यादव, सत्यनारायण राठौर, फारूक मंसूरी, उत्तम जायसवाल, छोटेलाल मंडलोई, इमरान खान, कृष्णा यादव, सपना सांखला, सोनिया ठाकुर, वंदना मिमरोट, संदीप सूर्यवंशी, सुरेश वासनिक, हिमांशु जोशी, देवेंद्र पाटनी और अनवर बाबा सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जैन सोशल ग्रुप मैत्री के दिव्यांग शिविर में 25 लोगों को प्रत्यारोपित किए गए कृत्रिम अंग





### विधायक व प्राधिकरण अध्यक्ष ने किया शिविर का अवलोकन लाभार्थी सेठिया परिवार का हुआ बहुमान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन व मध्य प्रदेश रीजन द्वारा आयोजित एवं जैन सोशल ग्रुप उज्जैन मैत्री के संयोजन में दिव्यांग शिविर लगाया गया। शिविर में 25 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंगों का प्रत्यारोपण किया गया। कार्यक्रम में मैत्री संस्थापक अध्यक्ष अभिषेक सेठिया ने शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अतिथियों ने शिविर का अवलोकन कर डॉक्टर टीम का सम्मान किया। र शिविर में उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी राजेन्द्र सूरि शोध संस्थान अध्यक्ष पारस जैन फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष अभय सेठिया मध्य प्रदेश रीजन अध्यक्ष राहुल चपड़ोद फेडरेशन के पूर्व उपाध्यक्ष दीपेंद्र कोठारी रीजन सचिव अश्विन मेहता रीजन सहसचिव संजय कोठारी रीजन कोषाध्यक्ष अमित कोठारी और रीजन पूर्वाध्यक्ष विनोद बरबोटा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर टीम मैत्री से संजय सोनी प्रदीप पिपाड़ा पवन दाता संदीप बाफना मनोज जैन प्रशांत फागनिया लोकेश जैन अजय जैन प्रतीक बाफना और सुलभ बाफना आदि सदस्य मौजूद रहे।

### पारुल शाह बनीं वल्लभ वैष्णव महिला मंडल की अध्यक्ष, मनीषा नागर को कार्यकारी अध्यक्ष की कमान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

**निर्विरोध चुनी गई नई कार्यकारिणी**

वल्लभ वैष्णव महिला मंडल के चुनाव मंडल संस्थापक विट्ठल नागर के नेतृत्व में निर्विरोध संपन्न हुए। मीडिया प्रभारी हंसा दीपक राजवानी ने बताया कि चुनाव के पश्चात नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें पारुल शाह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। मंडल की घोषित नई कार्यकारिणी में कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व मनीषा नागर को सौंपा गया है। वहीं वंदना जेथलिया पूर्णिमा शाह और माधुरी शाह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। सचिव पद पर कामिनी शाह और सह सचिव पद पर अदिति नीमा निर्वाचित हुई हैं। कोषाध्यक्ष का दायित्व परेशा नीमा को और सह कोषाध्यक्ष का दायित्व दिव्या नागर को दिया गया है। इसके साथ ही मंडल की विभिन्न समितियों के प्रभार भी सौंपे गए हैं।जन्मदिन समिति का प्रभार वीनू नीमा विवाह दिन समिति का प्रभार कविता श्रॉफ और रजिस्ट्रेशन समिति का दायित्व डिंपल नागर को सौंपा गया है। चुनाव प्रक्रिया नूपुर नीमा के फार्म हाउस पर हाई टी के साथ आयोजित की गई। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मंडल की महिलाओं ने बधाई दी.

# बुराइयों को छोड़कर अच्छाई अपनाना ही सच्ची प्रेम भक्ति

### देवभूमि कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



जिला कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में आयोजित संत निरंकारी मिशन का भव्य समागम आस्था और श्रद्धा का जीवंत उत्सव बन गया। उज्जैन के मीडिया सहायक विनोद गज्जर के अनुसार इस समागम से पूर्व युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए निरंकारी यूथ सिंपोजियम का भी आयोजन किया गया। विशाल मैदान में उमड़े हजारों श्रद्धालु इस बात का प्रमाण थे कि आध्यात्मिकता आज भी लोगों के जीवन का महत्वपूर्ण आधार है। हिमाचल प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए हजारों भक्तों ने सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के दर्शन कर आत्मिक शांति और प्रेरणा का अनुभव किया।

विशाल सत्संग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सतगुरु माता ने कहा कि सच्ची भक्ति वही है जिसमें बुराइयों को छोड़कर केवल अच्छाई को अपनाया जाए। यह मात्र भक्ति नहीं बल्कि प्रेमा भक्ति है जो दिलों को जोड़ने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि अक्सर हम दूसरों की गलतियां निकालने में अपना कीमती समय गंवा देते हैं जबकि आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने भीतर झांकें और नफरत को खत्म कर प्रेम तथा भाईचारे की भावना को बढ़ाएं। युवाओं के संदर्भ में उन्होंने कहा कि उन्हें गलत ठहराना आसान है लेकिन उनकी राह में आने वाली चुनौतियों को समझना भी जरूरी है। उन्होंने संदेश दिया कि दिल से नफरत मिटाकर प्रेम सहनशीलता और सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीना ही सच्ची भक्ति और मानवता की पहचान है।

समागम का वातावरण पूरी तरह से भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत था। सतगुरु माता के दिव्य प्रवचनों ने जीवन के वास्तविक उद्देश्य को सरल और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस आयोजन की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि प्रदेश के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों जैसे पांगी चंबा किन्नौर और लाहौल-स्पीति से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंडी जोन के जोनल इंचार्ज डॉ आरके अभिलाषी ने सतगुरु माता एवं निरंकारी राजपिता का स्वागत किया तथा जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## खबर एक नजर...

### रमेश चंद्र शर्मा का उज्जैन में भव्य स्वागत, लघु वेतन कर्मचारी संघ ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

**उज्जैन।** रमेश चंद्र शर्मा को दूसरी बार राज्य कर्मचारी कल्याण समिति का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ की जिला शाखा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है। उज्जैन आगमन पर संघ के पदाधिकारियों ने शर्मा का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने रमेश चंद्र शर्मा को महाकाल का दुपट्टा ओढ़ाकर तथा पुष्पमाला व गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया। इस दौरान शर्मा ने आश्वस्त किया कि कर्मचारियों से जुड़े सभी कार्य मुख्यमंत्री की मंशानुरूप किए जाएंगे। जिला उपाध्यक्ष सुरेश रायकवार ने बताया कि स्वागत अवसर पर जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी, जिला सचिव मुकेश रायकवार, सुनील खत्री और जिला सहायक सचिव अलीम पठान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### 37 वर्षों की परंपरा: वैदिक पद्धति से संपन्न हुआ सामूहिक उपनयन संस्कार

**उज्जैन।** श्री हनुमान मंडल, श्री गणेश वैदिक आश्रम और आनन्दी मित्र मंडल उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में 37वां सामूहिक उपनयन (मुंज) संस्कार आयोजित किया गया। वेदनगर स्थित गुजराती समाज में हुए इस आयोजन में विभिन्न प्रदेशों से आए लोगों ने उपनयन संस्कार में भाग लिया।

श्री गणेश वैदिक आश्रम की वेदमूर्तियों द्वारा संपूर्ण वैदिक पद्धति से यह संस्कार संपन्न करवाया गया। गौरतलब है कि श्री हनुमान मंडल द्वारा विगत 37 वर्षों से सामूहिक उपनयन संस्कार की इस परंपरा का निरंतर निर्वहन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# मप्र गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष ओम जैन का सकल जैन समाज ने किया भव्य बहुमान

### सम्मान से अभिभूत होकर भावुक हुए ओम जैन, जाजम को नमन कर निःशब्द जताया आभार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष मनोनीत होने पर रविवार को ओम जैन का सकल श्वेतांबर जैन समाज द्वारा आत्मीय बहुमान किया गया। फ्रीगंज उपाश्रय में श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक तपागच्छ श्रीसंघ फ्रीगंज के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में समाज के सभी श्रीसंघों, ट्रस्टों, सोशल ग्रुप व संस्थाओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार भी व्यक्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री पारस जैन, वीरेन्द्र कावडिया, ओम जैन, संजय नाहर, सुभाष दुग्गड़, प्रकाशचन्द्र फागनिया और रमेश जैन ने दीप प्रज्वलन व नवकार मंत्र जाप के साथ किया। स्वागत भाषण में श्रीसंघ अध्यक्ष संजय नाहर ने ओम जैन से आग्रह किया कि समाज के विवाह व अन्य सामाजिक कार्यों के लिए शहर में उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने के प्रयास करें। इस मांग का उपस्थित समाजजनों ने तालियां बजाकर समर्थन किया।

समारोह में ओम जैन का श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक तपागच्छ श्रीसंघ फ्रीगंज, श्री हीरविजयसूरि बड़ा उपाश्रय, श्री ऋषभदेव छगनीरामजी की पेढ़ी, श्री छोटे साथ जैन ओसवाल समाज, श्री अवंतिपार्श्वनाथ मारवाड़ी समाज, श्री राजेन्द्रसूरि ज्ञान मंदिर, श्री नागेश्वरपार्श्वनाथ मंदिर अरविंदनगर, श्री आदेशवरचन्द्राप्रभूजी मंदिर नयापुरा, श्री जीरावला पार्श्वनाथ मंदिर सूरज नगर, श्री श्रेयांसनाथ राजेन्द्रसूरिश्वरजी मंदिर नयापुरा, श्री विमलनाथ मंदिर लक्ष्मीनगर, श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर इन्द्रानगर, श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ चौमुखा जिनालय सुभाषनगर, श्री राजतिलकसूरि आराधना भवन सुभाषनगर, श्री वासुपूज्य मंदिर, श्री सहस्त्रफणा पार्श्वनाथ जैन मंदिर, श्री अभ्युदयपुरम तीर्थ बड़नगर रोड, श्री संभवनाथ मंदिर वी.डी. मार्केट, श्री अलौकिक पार्श्वनाथ मंदिर हासामपुरा, श्री सुमतिनाथ मंदिर महानंदानगर, श्री वर्धमान स्थानकवासी संघ नमक मंडी, महावीर भवन स्थानक सुभाषनगर, वर्धमान स्थानकवासी संघ नयापुरा, तेरापंथ समाज, जीवनदीप संस्था, अखिल भारतीय युवक महासंघ, जैन सोशल ग्रुप, जिन शासन सेवा परिवार और युवा संस्था के पदाधिकारियों एवं ट्रस्टीगणों ने शॉल, माला और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

समाज के इस भव्य आत्मीय स्वागत से अभिभूत होकर ओम जैन भावुक हो गए। अध्यक्ष बनने के बाद जैन समाज के बीच अपने पहले उद्बोधन के दौरान उनका गला रुंध गया और आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने जमीन पर बिछी जाजम को नमन कर निःशब्द होकर समूचे समाज का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में चैत्र मास की नवपद ओलीजी आराधना के लाभार्थी बाबूलाल धनराज डोडिया गांधी परिवार धूंबडिया अहमदाबाद की ओर से उज्जैन के सभी श्रीसंघों को साधारण खाते हेतु 31-31 हजार रुपये की राशि ओलीजी संयोजक एडवोकेट संजय नाहर द्वारा प्रदान की गई। सभी श्रीसंघों ने लाभार्थी परिवार की अनुमोदना की।

# ज्ञान में ही शक्ति है, अपनी कमी को बनाएं अपनी विशेषता: वरुण गुप्ता

### जामिया इस्लामिया स्कूल में जज्बा सोशल फाउंडेशन के समर कैंप में व्यक्तित्व विकास पर हुआ मार्गदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




जज्बा सोशल फाउंडेशन द्वारा सब्जी मंडी स्थित जामिया इस्लामिया स्कूल में जारी समर कैंप के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरुण गुप्ता ने कहा कि ज्ञान में ही शक्ति है। जीवन में अभावों से कभी घबराना नहीं चाहिए। किताबों से अच्छा कोई साथी नहीं होता, इसलिए इन्हें अपना दोस्त बनाएं।

उन्होंने जापान की परंपरा का जिक्र करते हुए एक ऐसे बच्चे का प्रेरणादायक उदाहरण दिया जिसका एक हाथ नहीं था, लेकिन अपने मार्गदर्शक के निदेशानुसार उसने जूडो में इतनी पारंगतता हासिल की कि वह चैंपियन बना। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपनी कमी को ही अपनी विशेषता बनाएं। मेहनत में कोई कमी न रखें और पूरी ताकत से प्रयास करते हुए अपना लक्ष्य प्राप्त करें। आप जो भी पढ़ें या सीखें, उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।

# वायु सेना चिकित्सा सेवा के पूर्व अधिकारियों का दल पहुंचा उज्जैन, हुआ भव्य स्वागत




### महाकाल नगरी में पूर्व वायु सैनिकों ने किए देव दर्शन, सहपाठी डॉ. मनीष गेहलोत ने की आतिथ्य की विशेष व्यवस्था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय वायु सेना चिकित्सा सेवा से सेवानिवृत्त नॉन कमीशंड अधिकारियों का एक दल अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत धर्म नगरी उज्जैन पहुंचा। शहर आगमन पर वायु सेना के इन पूर्व अधिकारियों का आत्मीय स्वागत किया गया।

सीनियर फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मनीष गेहलोत ने दल की अगवानी कर उनका सत्कार किया। गौरतलब है कि डॉ. गेहलोत स्वयं भी दल के इसी बैच के प्रशिक्षित सदस्य रह चुके हैं। शहर के स्थायी निवासी और सेंट मेरीज कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व छात्र डॉ. गेहलोत वर्तमान में वैद्य राजपूत समाज समिति, उज्जैन में सह-सचिव के पद पर भी अपनी सक्रिय सेवाएं दे रहे हैं।

दल के उज्जैन प्रवास के दौरान डॉ. गेहलोत द्वारा उनके ठहरने, शहर भ्रमण और देव दर्शन की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई। इसके चलते दल के सभी सदस्यों ने महाकाल नगरी के प्रमुख धार्मिक स्थलों के सुगमता से दर्शन किए। इस विशेष आतिथ्य और दर्शन लाभ से वायु सेना के सभी पूर्व अधिकारी अत्यंत प्रसन्न नजर आए।

## महात्मा फुले का द्वितीय शताब्दी वर्ष:

# कुरीतियों और अंधविश्वास को मिटाने का लिया जाएगा संकल्प, जुटेंगे देशभर के सामाजिक नेता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महान समाज सुधारक और चिंतक महात्मा ज्योतिबा राव फुले के जन्म के द्वितीय शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 4 मई, सोमवार को शहर में एक विशाल शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग एकता मंच और अखिल भारतीय माली महासंघ जिला उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में यह महासम्मेलन सुबह 10 बजे से कोठी रोड स्थित कालिदास अकादमी ऑडिटोरियम में होगा।

सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रांतों से सामाजिक और पिछड़े वर्ग के प्रख्यात नेतागण शामिल होंगे। वे उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर समाज को मानसिक पराधीनता से मुक्त कराने और व्याप्त कुरीतियों व अंधविश्वास के अंधकार को समाप्त करने का संकल्प दिलाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रवि सोलंकी होंगे और अध्यक्षता उज्जैन प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री नन्दलाल यादव करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात सहभोज का आयोजन रखा गया है।

सम्मेलन के संयोजक श्री सुरेश सोनगरा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महात्मा फुले द्वारा जातिगत भेदभाव व छुआछूत को समाप्त कर सामाजिक समरसता स्थापित करने तथा महिला शिक्षा में दिए गए आजीवन महत्वपूर्ण योगदान को आत्मसात करना है।

कार्यक्रम में पूर्व पार्षद कुंदन माली, ग्रामीण जिलाध्यक्ष किशोर भाटी, पार्षद श्रीमती प्रेमलता शर्मा, सत्यनारायण कछावा, सपना सांखला, लीलाधर आड़लिया, शिवनारायण जागीरदार, गजानन्द और वार्ड क्रमांक 10 की श्री अजय गेहलोत मित्र मंडली सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहेंगे।

### गरीबी और असफलता मेहनतकश के गहने, आपदा में तलाशें अवसर'

**उज्जैन।** माना कि मुश्त-ए-खाक से बढ़कर नहीं हूं मैं, लेकिन हवा के रहम-ओ-करम पर नहीं हूं मैं...₹ इन प्रेरक पंक्तियों के साथ विजय उछारिया ने जज्बा समर कैंप में बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अपने मोटिवेशनल लेक्चर में उन्होंने कहा कि गरीबी, अभाव, असफलता और हताशा मेहनतकश लोगों के गहने हैं। इन्हीं परिस्थितियों के बीच हमें आपदा में अवसर ढूंढ़ना चाहिए। उछारिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार पूरे ब्रह्मांड में कुछ न कुछ प्रसारित होता रहता है, उसी प्रकार बच्चों को भी अपने विचार प्रसारित कर अपने सपनों को उड़ान देनी चाहिए। इंसान के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। बेहतर भाषा, गणित और भूगोल आदि के अध्ययन के बलबूते पर बड़े अफसर या सफल व्यवसायी बना जा सकता है। उन्होंने बच्चों को कभी निराश न होने और पूरे मन से नए प्रयास करने की सलाह देते हुए कहा कि इससे सफलता अवश्य मिलेगी।

### अन्नपूर्णा बेस कैंप पर फहराया तिरंगा: युवा पर्वतारोही अथर्व यादव बने प्रेरणास्रोत

**उज्जैन।** शहर के युवा पर्वतारोही और ट्रैवल एंटरप्रेन्योर अथर्व यादव आज एडवेंचर टूरिज्म की दुनिया में एक उभरता हुआ नाम बन गए हैं। वे न केवल खुद ऊंचाइयों को छू रहे हैं, बल्कि देश-विदेश के लोगों को भी हिमालय की कठिन यात्राओं पर ले जाकर अन्नपूर्णा बेस कैंप जैसे चुनौतीपूर्ण ट्रेक सफलतापूर्वक पूरे करवा रहे हैं। एक प्रोफेशनल गाइड के रूप में अथर्व यादव अपनी टीम के साथ हर ट्रेक में सुरक्षा और अनुभव का खास ध्यान रखते हैं। उनके कुशल नेतृत्व में कई ट्रेकर्स ने पहली बार बर्फीली चोटियों को करीब से देखा और अपने सपनों को साकार किया। रोमांच के साथ-साथ अथर्व हर ट्रेक में देशभक्ति की भावना को भी सर्वोपरि रखते हैं। हाल ही में अन्नपूर्णा की ऊंचाइयों पर भारतीय तिरंगा फहराकर उन्होंने देश का नाम रोशन किया है। अथर्व यादव की ट्रैवल कंपनी 'वांडर टू माइल्स' आज युवाओं और पर्यटकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है।

## खबर एक नजर...

### 13 किलो डोडाचूरा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीतामऊ पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ सुश्री हेमलता कुरील एवं एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सीतामऊ-जावरा रोड स्थित ग्राम पतलासी फंटा पर घेराबंदी की। यहाँ पुलिस ने नकेडिया निवासी 59 वर्षीय बापू सिंह पिता गोवर्धन सिंह राजपूत को उसकी मोटरसाइकिल क्र. एमपी 09 वीवी 5767 के साथ रोका। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद तीन बैगों में कुल 13 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 25 हजार रुपये आंकी गई है।

### ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर की ट्राली पलटी, दो गंभीर घायल

**मन्दसौर।** जिले के दलौदा थाना क्षेत्र के सरसोद फंटा ग्राम आक्या पर ट्रक नं. आरजे 26 जीए 2855 के अज्ञात चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर फरियादी के ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी जिससे ट्राली पलट गई। इस हादसे में ट्रैक्टर पर सवार गोविंद व आबिद उछल कर नीचे गिर गये जिससे उन्हें गंभीर चोटें आने पर उन्हें उपचार के लिये मंदसौर रेफर किया गया।

### लायसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही

**नीमच।** पुलिस मुख्यालय भोपाल मप्र द्वारा हेलमेट धारण न करने वाले दो पहिया वाहन चालक के विरुद्ध 15 दिवसीय विशेष अभियान के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंकित जायसवाल, अति. पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्री किरण चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात सोनू बडगुर्जर एवं यातायात टीम द्वारा दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट न धारण करने वाले के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत कार्यवाही की जा रही है ।

# सेना और अर्धसैनिक बलों से सेवानिवृत्त होकर लौटे चार जांबाजों का हुआ स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

राष्ट्र सेवा की मिसाल पेश कर अपनी गौरवशाली पारी पूर्ण करने के बाद घर लौटे भारतीय सेना, सीआरपीएफ और बीएसएफ के चार वीर जवानों का अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद और नागरिक समाज द्वारा भावभीनी विदाई के साथ भव्य सम्मान किया गया। देश की सीमाओं पर अपनी आयु के महत्वपूर्ण वर्ष समर्पित करने के बाद लौटे इन जांबाजों की अगवानी में पूरा जिला उमड़ पड़ा।

इस कड़ी में साबाखेड़ा के सुरेश राठौर और भोलिया ग्राम के घनश्याम चौहान ने सीआरपीएफ में 24-24 वर्ष की लंबी सेवा पूर्ण की। घनश्याम चौहान का स्वागत मंदसौर के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम से शुरू होकर दलोदा होते हुए भोलिया तक चला, जहां ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। वहीं, बीएसएफ में 39 वर्षों की अविस्मरणीय सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए एएसआई शंभू सिंह पंवार का सेजपुरिया ग्राम में संगठन और समाजसेवियों द्वारा आत्मीय सम्मान किया गया। इसी तरह भारतीय सेना में 17 वर्ष तक देश की रक्षा करने वाले नेनौरा के सुनील कुमार का पिपलिया मंडी रेलवे स्टेशन से ऐतिहासिक जुलूस निकाला गया, जो नगर के विभिन्न चौराहों से होते हुए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचा, जहां प्रधानाध्यापक बालाराम सिसोदिया सहित ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। इन कार्यक्रमों में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के साथ-साथ रक्तवीर रेड आर्मी और नगर परिषद पिपलिया मंडी ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। परिषद के जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने सैनिकों के जीवन को त्याग और तपस्या का प्रतीक बताते हुए युवाओं को कंफर्ट जोन छोड़कर देश सेवा की प्रेरणा लेने की बात कही। समाजसेवी विनय दुबेला ने मंदसौर को वीरों की भूमि बताया। इस गरिमामय अवसर पर कैप्टन सुरेश परमार, मोहन पाम्पोडिया, राजेश चौहान, दीपक राठौर, मुकेश सोलंकी, राजेंद्र सिंह शक्तावत, मिट्ठू सिंह, जितेंद्र माली, नरेंद्र खटवड़, आर.एन. मालवीय, उपस्थित थे।



### यशवी ने स्केटिंग में जीते 2 कांस्य पदक, नेशनल के लिए चयनित

**पिपलिया मंडी।** नगर के पंकज जैन की सुपुत्री होनहार बालिका यशवी ने खेल के क्षेत्र में नगर का नाम रोशन किया है। यशवी ने भोपाल में 27अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक आयोजित रीजनल स्केटिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2 कांस्य पदक हासिल किए। इस उपलब्धि के साथ यशवी ने आगामी नेशनल स्केटिंग चैंपियनशिप में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब यशवी नेशनल स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

### 23 मई तक बढ़ी गेहूं खरीदी की तारीख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

मध्यप्रदेश में गेहूं खरीदी में आ रही दिक्कतों के बीच सरकार ने किसानों को राहत देते हुए स्लॉट बुकिंग की तारीख 23 मई तक बढ़ा दी है। भाजपा किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का धन्यवाद व आभार माना इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामसिंह सिसोदिया ने बताया की मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किसान हितैषी फेसला लेते हुए जो सीएम किसान हेल्पलाइन सुविधा शुरू की इसलिए भी उनका आभार मानते है और मुख्यमन्त्री द्वारा यह वर्ष किसान कल्याण वर्ष के रूप मनाया जा रहा है व 2026 के लिए गेहूं खरीदी की अंतिम तिथि 30 अप्रैल से बढ़ाकर 23 मई 2026 कर दी गई है। ताकि किसानों को सुविधा मिल सके अब किसान 23 मई तक समर्थन मूल्य पर गेहूं बेच सकेंगे । भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राकेश पाँचाल ने बताया की गेहूं खरीदी की सीमा एक हजार क्विंटल से बढ़ाकर 2250 क्विंटल कर दी गई है।

### कांग्रेस महासचिव का हुआ सार्वजनिक सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

अजाक्स जिला शाखा रतलाम के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी एवं कांग्रेस के महासचिव मनोनीत किए गए हितेश पेमाल का गांधीनगर स्थित बगीचे में सार्वजनिक सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति रतलाम के तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जन्मोत्सव समिति के संयोजक विशाल कंडारे सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शिवना शुद्धिकरण अभियान- तीन ट्राली गंदगी निकाली

### विधायक जैन ने प्रदूषण फैलाने वालों को दी चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

शिवना प्रदूषण मुक्ति अभियान के 104वें दिन रविवार को जनभागीदारी के साथ व्यापक स्तर पर श्रमदान किया गया, जिसमें लोकप्रिय विधायक विपिन जैन सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। श्रमदानियों ने कड़ी मेहनत कर नदी से 3 ट्राली गंदगी और प्लास्टिक कचरा बाहर निकाला। इस दौरान विधायक विपिन जैन ने कड़े शब्दों में कहा कि शिवना को प्रदूषित करने वाले लोग पाप के भागी बनेंगे और समाज की एकजुटता से नदी को पूर्ण स्वच्छ बनाया जाएगा। श्रमदान में नगर ब्राह्मण समाज के बाबूलाल नागर, गोविंद नागर, मोहन नागर, डॉ. राजेंद्र नागर, योगेंद्र नागर, बालकृष्ण नागर तथा सिंधी समाज के वासुदेव सेवानी, दृष्टानंद नैनवानी, राजेश चाहूजा, लक्ष्मण मेघनानी, कैलाश मेघनानी, मनोज सेवानी व भगवान दास वासवानी ने भाग लिया।



समाजसेवी हेमराज खाबिया, रमेश सोनी, भंवरलाल प्रजापत, सत्येंद्र सिंह सोम, राकेश जैन पिंटू, सुरेंद्र कुमार रामावत, नमन पालीवाल, पंकज जैन, गर्विश रामनानी, विक्रम सिंह चंद्रावत, गौरव जैन, कैलाश कुमावत और मनीष मीणा ने भी पसीना बहाया। महिला शक्ति के रूप में इष्टा भाचावत, अनीता भदोरिया, प्रमिला पंवार, दीपा दादवानी, नेहल तिवारी, कशिश भटनागर, दीपाली पोरवाल, गीताली पोरवाल, शैली पोरवाल व निवेदिता कुमावत मौजूद रहीं। साथ ही कांग्रेस नेता तरुण खिंची, दिलीप देवड़ा, संजय सोनी, मनोहर नाहटा, अभिषेक पाटीदार, खलील पठान, संजय नाहर, राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, विश्वास दुबे, पंकज जोशी, अजय सोनी, अकरम खान, महेश गुप्ता, सादिक गोरी, आमीन खान, सुभाष जैन, साबिर इलेक्ट्रि शियन, राकेश सेन, रघुवीर सिंह भाटी, बाबूभाई सब्जी फरोश, गणपत कुमावत, गणपत राठौर, गगन माली, शैलेश माली, अशोक राव, श्याम गिरी, राहुल तिवारी, नितनेस बसेर, कैलाश गोंदी, दुर्गेश चंदेल, महेश माली, सुनील मेहता, कैलाश टेलर, दीपक लाड़, ऋषिराज लाड़, गोपाल बंजारा एवं कनिष्क सोनी सहित अनेक नागरिकों ने सेवा दी।

# गौशाला से कालिका माता मंदिर तक धार्मिक अनुष्ठान, विकास प्राधिकरण पहुंचकर ली शपथ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

रतलाम विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद ग्रहण करने से पूर्व प्रवीण सोनी ने धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए दिन की शुरूआत गौ सेवा से की। उन्होंने स्थानीय गौशाला में पहुंचकर गौ माता का पूजन-अर्चन किया तथा गौ भोज कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात प्रवीण सोनी कालिका माता मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान से माता का पूजन कर नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर में दर्शन के बाद स्वयं के निवास स्थान पहुंचे जहां उन्होंने माता-पिता का आशीर्वाद लेकर कसारा बाजार से रैली प्रारंभ की जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए विधायक कार्यालय पहुंचे जहां श्री सोनी ने रतलाम शहर विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्री चैतन्य काश्यप से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन, भाजपा सोशल मीडिया विभाग जिला संयोजक करण वशिष्ठ सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# रतलाम में नव नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान, समाज की एकजुटता पर जोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

सकल ब्राह्मण समाज एवं महर्षि परशुराम ब्राह्मण सहकारी साख संस्था मर्यादित रतलाम के संयुक्त तत्वावधान में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रृंगेरी मठ के पूज्य 1008 आत्मानंद सरस्वती महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ।

समारोह में रतलाम विकास प्राधिकरण के नव नियुक्त संचालक पं. धीरज व्यास, परशुराम कल्याण बोर्ड के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष पं. अजय तिवारी, योग प्रशिक्षक श्रीमती आशा दुबे तथा रामायण मेला संयोजक एवं ब्राह्मण बोर्डिंग अध्यक्ष पं. राजेश दवे का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। यह सम्मान सकल ब्राह्मण समाज के प्रमुख सदस्यों–अशोक पण्ड्या, राजेश तिवारी, संजय दवे, अनिल भार्गव, ओम प्रकाश पालीवाल, राजेन्द्र कुमार जोशी, हेमन्त तिवारी, अमित शर्मा, गोपाल जोशी, अरविन्द मिश्रा, संजीव शर्मा, धुलचन्द सारस्वत, संदीप व्यास, विजय हेमकांत शर्मा सहित महिला सदस्यों रजनी व्यास, सुषमा नारमदेव, सरोज जोशी, ज्योति भार्गव एवं सीमा जोशी द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन में संदीप व्यास ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में रतलाम में ब्राह्मण समाज की विशिष्ट पहचान और मजबूत होगी।



## खबर एक नजर...

### ऐतिहासिक नगरी बुरहानपुर में संपन्न हुआ डाक चौपाल कार्यक्रम

**बुरहानपुर।** भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा आयोजित डाक चौपाल कार्यक्रम का आयोजन ऐतिहासिक नगरी बुरहानपुर में गरिमामयी वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जितेंद्र गुप्ता, महानिदेशक डाक सेवाएं, नई दिल्ली की विशिष्ट उपस्थिति रही। कार्यक्रम में गौरव श्रीवास्तव, पोस्टमास्टर जनरल, इंदौर परिक्षेत्र, आर. एस. रघुवंशी, निदेशक डाक सेवाएं, इंदौर परिक्षेत्र एवं शाह सागर नैलेश, प्रवर अधीक्षक डाकघर खंडवा संभाग की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। जितेंद्र गुप्ता ने डाक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, जनसुविधाओं के विस्तार तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया सुकन्या समृद्धि योजना के हितग्राहियों को पासबुक वितरित की गईं, जिससे योजना के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा लाभार्थियों का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ। डाक चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों और डाक विभाग के बीच संवाद को सशक्त बनाने तथा सेवाओं को और अधिक जनहितकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई।

### मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ महेश्वर तहसील की कार्यकारिणी घोषित

**मंडलेश्वर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ महेश्वर तहसील की नई कार्यकारिणी की घोषणा सर्वसम्मति से की गई। यह घोषणा जिला अध्यक्ष विजय राय सुनहरे एवं जिला सचिव श्याम पाटीदार की सहमति से आगामी दो वर्ष के कार्यकाल के लिए की गई है।घोषित कार्यकारिणी में एकीकृत बालक माध्यमिक विद्यालय छोटी खरगोन में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक भूपेंद्र सिंह चौहान को महेश्वर तहसील अध्यक्ष, शैलेंद्र जामुने को सचिव तथा संजय पाटीदार को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।नवनियुक्त पदाधिकारियों के चयन से कर्मचारियों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान, अधिकारों की रक्षा एवं संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य करेगी।नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भी संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि वे कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे।

### लाडली उत्सव कार्यक्रम में नवजात बालिकाओं का हुआ सम्मान

**मंडलेश्वर।** सेक्टर मंडलेश्वर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा च्ल्लाडली उत्सवज्ज कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करना तथा समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना रहा।इस अवसर पर हाल ही में बालिका को जन्म देने वाली माताओं एवं नवजात बालिकाओं का सम्मान किया गया। सभी माताओं को माला पहनाकर एवं पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया गया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण भावनात्मक और प्रेरणादायक बन गया।कार्यक्रम में सेक्टर सुपरवाइजर शकुंतला भवर ने माताओं को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने माताओं को बालिका के स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि नवजात शिशु को जन्म के बाद कम से कम 6 माह तक केवल स्तनपान ही कराया जाना चाहिए, जिससे बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में वंदना केवट, मीनाक्षी शर्मा, सुनीता पांडे, अंबिका गोयल, आशा श्रीवास, अलका श्रीवास, रजनी पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा समाज में बेटियों को समान अवसर देने का संकल्प लिया।

# खरगोन पुलिस ने सुने घर में हुई चोरी की घटना का किया खुलासा-पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल 2 शातिर आरोपियों को किया गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद**

पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा के द्वारा जिला खरगोन में संपत्ति संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने के निर्देश दिये गये थे । वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा के द्वारा जिला खरगोन में हो रही चोरी एवं लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाकर अज्ञात आरोपियों की पतारसी व शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया था ।

प्राप्त निर्देशों के परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था ।



इसी तारतम्य थाना सनावद की पुलिस टीम ने ग्राम खंगवाडा में सुने घर में हुई चोरी की घटना का खुलासा कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है दिनांक 24 अप्रैल को फरियादी धर्मेन्द्र निवासी ग्राम खंगवाडा ने थाना सनावद पर सूचना दी कि, विगत कुछ दिनों से वो अपने परिवार के साथ जब इंदौर में था उनका ग्राम खंगवाडा का घर खाली था तब पड़ोसी द्वारा सूचना मिलने पर फुटेज देखने पर दो अज्ञात व्यक्ति घर का ताला तोड़कर अंदर घुसते दिखाई दिए ।

दिनांक 23 अप्रैल को इंदौर से ग्राम खंगवाडा के घर आकर देखने पर उनके घर की अलमारी के ताले टूटे मिले और उसमें से सोने-चांदी के आभूषण व विदेशी करन्सी के कुछ नोट नगदी गायब थी । जिससे ज्ञात हुआ कि कोई अज्ञात व्यक्ति हमारे घर से सोने चांदी के आभूषण चुरा कर ले गया है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सनावद पर अपराध क्रमांक 166/26 धारा 331(4), 305 (1) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा रात्रि में हुई चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी सनावद धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम से पुलिस टीम का गठन किया जाकर अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी कर उनकी धरपकड़ करने हेतु निर्देशित किया गया था ।

सीसीटीव्ही फुटेजो का संकलन किया गया एवं उन्हें बारीकी से खंगाला गया । जिसमें पुलिस टीम के द्वारा उक्त चोरी की घटना में संलिप्त संदेहियों को चिह्नित किया गया । पुलिस टीम के द्वारा स्थानीय स्तर पर मुखबिरों को भी सक्रिय कर सीसीटीव्ही फुटेज में दिख रहे संदेही व उक्त चोरी की घटना में संलिप्त आरोपियों की जानकारी एकत्रित करने के लिए लगाया गया । परिणामस्वरूप पुलिस टीम को विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि चोरी के सीसीटीव्ही फुटेज में दिख रहे चोरी के आरोपियों का हुलिया मोहित उर्फ छोटा डेबु एवं बालु उर्फ बाला बामनिया से काफी मिलता जुलता है । प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा तत्काल संदेही मोहित उर्फ छोटा डेबु एवं बालु उर्फ बाला बामनिया को अभिरक्षा में लेकर मनोवैज्ञानिक व बारीकी से पूछताछ की गई जिसमें दोनों ने उक्त चोरी को कारित करना स्वीकार किया गया । पुलिस टीम के द्वारा आरोपी मोहित उर्फ छोटा डेबु एवं बालु उर्फ बाला बामनिया के कब्जे से चोरी गया सम्पूर्ण मशरुका जिसमें सोने-चांदी के आभूषण कीमती लगभग 11 लाख 50 हजार रुपये के व विभिन्न देशों की विदेशी करन्सी के 10 नोट व 2 सिक्के कीमती लगभग 1 लाख व घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की मोटर साइकल कीमती लगभग एक लाख 50 हजार रुपये कुल मशरुका कीमती लगभग 14 लाख रुपये को जप्त कर आरोपियों को न्यायालय पेश किया जा रहा है ।

## दुकान की आड़ में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ देपालपुर**

गौतमपुरा क्रमांक-2 स्थित कम्पोजिट विदेशी-देशी शराब दुकान को लेकर क्षेत्र में अनियमितताओं और अवैध गतिविधियों के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाइसेंसी फर्म मेसर्स हिमालया ट्रेडर्स, जिसके पार्टनर आशीष शुक्ला बताए जा रहे हैं, की दुकान की आड़ में बड़े स्तर पर अवैध शराब परिवहन और सप्लाई का नेटवर्क संचालित किया जा रहा है।

आरोप है कि क्षेत्र के सैकड़ों स्थानों तक शराब की अवैध आपूर्ति की जा रही है, जिससे शासन को राजस्व हानि होने की आशंका भी जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार गौतमपुरा के हिंगोट मैदान क्षेत्र में एक ढाबे पर कथित रूप से मिनी शराब दुकान जैसी व्यवस्था कर दी गई है, जहां खुलेआम लोगों को बैठाकर शराब परोसी जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर इस तरह शराबखोरी से सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है और आसपास रहने वाले परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संबंधित शराब दुकान से कुछ स्थानीय प्रभावशाली लोगों के जुड़े होने के कारण गौतमपुरा पुलिस और आबकारी विभाग कार्रवाई में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।



लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आबकारी विभाग द्वारा शराब दुकानों पर क्यूआर कोड स्कैनिंग व्यवस्था लागू की गई है, ताकि ओवर रेटिंग, स्टॉक गड़बड़ी और अवैध बिक्री पर निगरानी रखी जा सके। इसके बावजूद क्षेत्र में कई शराब की बोतलों पर निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूले जाने तथा रेट में हेरफेर किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और आबकारी विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध शराब बिक्री, परिवहन तथा ओवर रेटिंग पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो अवैध कारोबार और कानून व्यवस्था की समस्या गंभीर रूप ले सकती है।

## नारायण पाटीदार बने भाजपा किसान मोर्चा खरगोन जिला अध्यक्ष

**मंडलेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए खरगोन जिले की कमान नारायण पाटीदार को सौंपी गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा द्वारा जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई, जिसमें खरगोन जिले के लिए नारायण पाटीदार को मनोनीत किया गया।नियुक्ति के बाद मंडलेश्वर स्थित विधायक भवन में पार्टी कार्यकताओं द्वारा नारायण पाटीदार का भव्य स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नारायण पाटीदार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, जिला अध्यक्ष नंदा दीदी का वे हृदय से आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने एक साधारण कार्यकर्ता पर विश्वास जताया। इस अवसर पर महेश्वर विधायक राजकुमार मेव ने भी नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नारायण पाटीदार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में किसान मोर्चा जिले में और अधिक सक्रिय होकर किसानों के हित में कार्य करेगा। इस अवसर पर मंडलेश्वर मंडल अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पाटीदार ने कहा कि नारायण पाटीदार पहले भी संगठन में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा चुके हैं।

## जज अजमेर सिंह गौर के खिलाफ हाईकोर्ट में न्यायालय की अवमानना का प्रकरण दर्ज

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर**



(विधवा महिला ने अपनी जमीन जेठ द्वारा हड़पने का आरोप लगाते हुए जमीन वापस दिलाए जाने का प्रकरण ₹कानून के खिलाफ₹ निरस्त करने का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में शिकायत प्रस्तुत की)

बुरहानपुर, दि. 3 मई जस्टिस वर्मा के इस्तीफे के बाद न्यायालयीन गड़बड़ियों से संबंधित विवाद ठंडा ही हो रहा था कि एक अन्य असामान्य घटनाक्रम में बुरहानपुर के वरिष्ठ नागरिक अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अजमेर सिंह गौर के खिलाफ बुरहानपुर की विधवा महिला/वरिष्ठ नागरिक सूफिया बानो की अवमानना याचिका दि. 2 मई को हाईकोर्ट जबलपुर बेंच द्वारा दर्ज कर ली गई।

वरिष्ठ नागरिक विधवा महिला सूफिया बेगम ने अमेरिकावासी अपने जेठ याकूब हसन पीरजादा के विरुद्ध अपनी करोड़ों की कृषि भूमि/जमीन हड़पने का आरोप लगाते हुए उन्हें बेदखल करके अपनी जमीन वापस दिलाए जाने का प्रकरण ₹वरिष्ठ नागरिक अधिकरण बुरहानपुर₹ में प्रस्तुत किया था। अधिकरण द्वारा जेठ याकूब हसन पीरजादा को नोटिस जारी होने के बाद उन्होंने उपस्थित होकर अंतरिम आवेदन प्रस्तुत किया। इस अंतरिम आवेदन को स्वीकार करके अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अजमेर सिंह गौर ने वरिष्ठ नागरिक विधवा महिला सूफिया बेगम का प्रकरण ही निरस्त कर दिया।

इसी को लेकर सूफिया बेगम ने अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अजमेर सिंह के विरुद्ध अवमानना याचिका उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की है। निकट भविष्य में उक्त अवमानना याचिका पर सुनवाई होने की संभावना है।

याचिकाकर्ता वरिष्ठ नागरिक सूफिया बेगम की ओर से उनके अधिवक्ता मनोज कुमार अग्रवाल अपीलीय अधिकरण (कलेक्टर) बुरहानपुर₹ सहित ₹उच्च न्यायालय (जबलपुर) में पैरवी कर रहे हैं।

अधिवक्ता मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि क्योंकि अवमानना याचिका वर्तमान में ₹उच्च न्यायालय जबलपुर₹ और अपील ₹अपीलीय अधिकरण (कलेक्टर बुरहानपुर)₹ के समक्ष लंबित है, इसलिए अभी वे इससे अधिक कुछ नहीं कह सकते।

## छुट्टियों में नयाशा बिरले ने दीवार पर बनाई भगवान जगन्नाथ की आकर्षक आकृती

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद**

छुट्टियों का सदुपयोग करते हुए खरगोन की जैतापुर कालोनी की रहने वाली नयाशा बिरले कक्षा 8वी छात्रा है जो छुट्टियां मनाने अपनी नानी भागवती पटेल ग्राम बिंजलवाडा छुट्टिया मनाने आई है जहां ने दीवार पर भगवान जगन्नाथ जी की आकर्षक रंगीन आकृति बनाकर सभी को प्रभावित किया है।

अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया है।जहां अधिकांश बच्चे छुट्टियों में खेलकूद और मनोरंजन में समय बिताते हैं, वहीं इस बच्ची ने अपनी कला और धार्मिक आस्था को एक नई पहचान दी। रंगों और ब्रश की मदद से दीवार पर बनाई गई यह आकृति देखने वालों को आकर्षित कर रही है।बच्ची ने खाली समय में अपनी रचनात्मकता और कला का परिचय देते हुए साधारण रंगों से यह सुंदर चित्र तैयार किया। दीवार पर बनाई गई जगन्नाथ जी की आकृति में पारंपरिक रंगों, सुंदर डिजाइन और मासूम कल्पना का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। परिवार के हरवेश बिरले, भावना बिर्ले,प्यारेलाल पटेल, भारती पटेल माया पटेल यशवंत सेजगायां ने बताया की बच्ची को बचपन से ही चित्रकला में रुचि है और छुट्टियों के दौरान उसने अपने इस शौक को नया रूप दिया। घर आने वाले लोग भी इस सुंदर कलाकृति की सराहना कर रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों को मोबाइल और टीवी से हटाकर इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना बेहद सकारात्मक पहल है।गुरूदयाल सेजगायां ने बताया कि छुट्टियों के दौरान खाली समय में उसने यह पेंटिंग बनाई।



परिवारजनों के प्रोत्साहन से तैयार की गई इस कलाकृति में रंगों का सुंदर मेल और सादगीपूर्ण प्रस्तुति दिखाई देती है।ग्रामीणो ने बच्ची की इस रचनात्मक पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों की कल्पना शक्ति और कला कौशल को निखारने में सहायक होती हैं।



## पलक तिवारी ने गोल्डन टेंपल में माथा टेका

### दुपट्टे से सिर ढककर आईं, गुरबाणी सुनी पहली यात्रा का अनुभव साझा किया

टीवी अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी और बॉलीवुड एक्ट्रेस पलक तिवारी अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल पहुंचीं। यहां उन्होंने दरबार साहिब में माथा टेका। इस दौरान वह नीले रंग का सूट पहने नजर आईं। उनका सिर दुपट्टे से ढका हुआ रहा।

पलक तिवारी आम श्रद्धालु की तरह यहां रहीं। हालांकि उन्होंने मीडिया से बात नहीं की। पलक ने अपने इस खास दौरे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी साझा की हैं। एक तस्वीर में वह परिक्रमा में बैठकर शांति से गुरबाणी का आनंद लेते हुए नजर आ रही हैं, जबकि दूसरी तस्वीर में वह हाथ जोड़कर खड़ी दिखाई दे रही हैं।

**परिक्रमा में बैठकर गुरबाणी कीर्तन सुना-** जानकारी के अनुसार, पलक तिवारी ने गोल्डन टेंपल पहुंचकर करीब आधे घंटे तक परिक्रमा में बैठकर गुरबाणी कीर्तन सुना और आध्यात्मिक वातावरण को महसूस किया। अपनी पोस्ट के कैप्शन में पलक ने लिखा कि यह उनका गोल्डन टेंपल का पहला दौरा था, लेकिन जैसा उन्होंने सोचा था, वैसा ही अनुभव उन्हें जहां आकर महसूस हुआ।

# नई स्पोर्ट्स ड्रामाः आज रिलीज होगी राम चरण स्टारर पेड्डी

### दो फिल्मों की मुश्किलें बढ़ीं







राम चरण इन दिनों अपनी फिल्म पेड्डी को लेकर चर्चा में हैं। अब मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट अनाउंस कर दी। इसके साथ मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर भी रिलीज किया है।


बता दें कि बूची बाबू निर्देशित यह फिल्म पहले 30 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन मेकर्स ने आईपीएल के चलते इसकी रिलीज आगे खिसका दी। अब आईपीएल के खत्म होते ही मेकर्स इसे रिलीज करने की तैयारी में हैं। यह फिल्म 4 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

बड़ी बात यह है कि पेद्दी की इस नई रिलीज डेट ने दो फिल्मों की मुसीबत बढ़ा दी है। एक तरफ 5 जून को बॉबी देओल की फिल्म बंदर सिनेमाघरों में रिलीज होनी थी। वहीं दूसरी तरफ इसी दिन वरुण धवन की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है भी रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में वरुण धवन के साथ मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े भी नजर आएंगी।



### फिल्म में जाह्नवी कपूर भी लीड रोल में हैं

स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म पेड्डी की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इस फिल्म में राम के साथ जाह्नवी कपूर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। वहीं इसमें शिव राजकुमार, दिव्येंदु शर्मा, जगपति बाबू और बोमन ईरानी भी अहम किरदारों में दिखाई देंगे। इसका म्यूजिक ए आर रहमान ने कंपोज किया है। श्रुति हासन भी इस फिल्म का हिस्सा हो सकती हैं।



## अभिजीत भट्टाचार्य ने शाहरुख पर साधा निशाना

### बोले- उसने कभी सॉरी भी नहीं कहा अगली पीढ़ी शाहरुख को भूल जाएगी

बॉलीवुड सिंगर अभिजीत भट्टाचार्य ने एकबार फिर शाहरुख खान पर निशाना साधा है। एक हालिया पॉडकास्ट में अभिजीत ने कहा कि उनके बीच आई दूरी की सबसे बड़ी वजह शाहरुख का 'ईगो' और उनका अपना 'सेल्फ-रिस्पेक्ट' है। अभिजीत भट्टाचार्य ने शाहरुख के साथ अपने खराब रिश्तों पर खुलकर बात की है। उन्होंने यह भी कहा कि शाहरुख ने उनसे आज तक एक बार भी माफी नहीं मांगी। शाहरुख ने कभी सॉरी नहीं कहा पॉडकास्ट में निधि वासंदानी से बातचीत के दौरान अभिजीत ने कहा, शाहरुख का ईगो और मेरा स्वाभिमान ही इस दरार की वजह है। शाहरुख मुझसे उम्र में छोटे हैं, फिर भी जब फराह खान के पति ने उन्हें गाली दी, तब भी शाहरुख ने उन्हें गले लगाया। आमिर खान ने तो अपने कुत्ते का नाम शाहरुख रख दिया था, लेकिन फिर भी वे दोस्त बन गए। मुझे दुख इस बात का है कि वे इतने बड़े इंसान हैं, पर उन्होंने एक बार भी सॉरी नहीं कहा। 'अगली पीढ़ी शाहरुख को भूल जाएगी' अभिजीत ने सुपरस्टार्स की तुलना गायकों से करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी एक्टर्स को नहीं बल्कि गायकों को याद रखती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, आज लोग यह भी नहीं जानते कि राजेश खन्ना कौन थे, जबकि वे बहुत बड़े सुपरस्टार थे। लोग किशोर कुमार और रफी के गाने सुनते हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं पता होता कि ये गाने राजेश खन्ना पर फिल्माए गए थे।

### पिता अच्छी-खासी नौकरी छोड़कर अमेरिका गए, वहां मजदूरी की

# 18 साल की गायकी में नाम नहीं बना पाईं, धुरंधर से मिली पहचान

धुरंधर से बड़ी पहचान बनाने वाली सिंगर जैस्मीन सैंडलस की जिंदगी सफलता के साथ संघर्ष और दर्द से भरी रही है। एक वक्त वह अंदर से टूट गई थीं और शराब की लत में फंस गई थीं। आज वह उस दौर पर पछताती हैं। माता-पिता ने बेहतर भविष्य के लिए सबकुछ छोड़ दिया। अमेरिका चले गए। पिता भारत में अच्छी नौकरी छोड़कर अमेरिका में पेट्रोल पंप पर काम करने लगे, जबकि मां फैक्ट्री में मजदूरी करती थीं। शुरूआती साल बेहद कठिन रहे। परिवार ने गरीबी में दिन गुजारे।

इन हालात के बावजूद जैस्मीन ने म्यूजिक का साथ नहीं छोड़ा। किक के गाने यार ना मिले से उन्हें पहचान मिली, लेकिन धुरंधर के गानों ने उन्हें नई ऊंचाई तक पहुंचाया।

**गायिकी की प्रेरणा मां से मिली-** जैस्मीन सैंडलस का जन्म 4 सितंबर 1985 को पंजाब के जालंधर में हुआ। वह साधारण पंजाबी परिवार से हैं। बचपन से उन्हें मां से गायिकी की प्रेरणा मिली, जो उन्हें गाने के लिए प्रोत्साहित करती थीं। स्कूल के दिनों से उन्होंने स्टेज पर गाना शुरू किया और गाने लिखने लगी थीं।

**अमेरिका का सफरः बेहतर भविष्य की तलाश-** करीब 12 साल की उम्र में उनका परिवार कैलिफोर्निया शिफ्ट हो गया। शुरूआती समय में वे न्यूयॉर्क भी रहीं। उन्हें इंग्लिश नहीं आती थी, इसलिए लोकल स्कूल में एडमिशन लेना पड़ा। उनके पिता भारत में हाई-प्रोफाइल नौकरी में थे और लॉ स्कूल टॉपर थे, लेकिन बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सबकुछ छोड़ दिया।



> सिंगर जैस्मीन सैंडलस की जिंदगी सफलता के साथ संघर्ष और दर्द से भरी रही



**अमेरिका में संघर्षः गरीबी, छोटे काम और मुश्किल हालात-** अमेरिका में परिवार ने मुश्किल हालात देखे। छह लोगों का परिवार एक छोटे कमरे में रहता था और फूड कूपन पर निर्भर था। पिता को छोटे काम करने पड़े, यहां तक कि पेट्रोल पंप पर भी काम किया। मां फैक्ट्री में मजदूरी करती थीं और चेरी तोड़ती थीं।



**पढ़ाई और म्यूजिक की ओर झुकाव-** जैस्मीन ने अमेरिका में पढ़ाई पूरी की। उन्होंने साइकोलॉजी में ग्रेजुएशन और प्री-लॉ की पढ़ाई की, लेकिन मन हमेशा म्यूजिक में रहा। जैस्मीन सैंडलस ने रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में कहा- हम न्यूयॉर्क पहुंचे। मुझे इंग्लिश नहीं आती थी। जो भी लोकल स्कूल था, पापा ने हमें वहीं एडमिशन दिला दिया। हम एक छोटे अपार्टमेंट में रहते थे, जो गरीब परिवार के लिए था।

**पापा ने पूरी जिंदगी कुर्बान कर दी-** मेरे पापा इंडिया में हाई प्रोफाइल जॉब करते थे। वह लॉ स्कूल टॉपर थे, लेकिन अमेरिका जाने पर 3-4 साल पढ़ाई या नौकरी करनी पड़ती है। इसलिए पापा ने हमारे लिए अपनी पूरी जिंदगी कुर्बान कर दी। अमेरिका में उनकी पहली नौकरी पेट्रोल पंप पर थी, जहां वह पेट्रोल भरते थे। वह बर्फ में बैठे थे और पैरों में जूते नहीं थे। पूछने पर उन्होंने कहा कि बर्फ के जूते बहुत महंगे हैं।



**फूड कूपन से चलती थी जिंदगी-** हम उन घरों में रहते थे, जो गरीबी रेखा वालों के लिए होते हैं, इसलिए फूड कूपन मिलते थे। मेरी मां फैक्ट्री में काम करती थीं और चेरी तोड़ती थीं। वह वहां मजदूर के रूप में काम करती थीं। जब हम कैलिफोर्निया गए, तो मेरे पिता ने फिर से कानूनी पेशे में एंट्री की और इंटरप्रेटर बन गए। इसके बाद हमारी आर्थिक स्थिति बेहतर हो गई।

**रिश्तों में दरार, पिता का निधन और टूटता मन-** जैस्मीन ने माना कि उनके और माता-पिता के रिश्ते आसान नहीं रहे। वह कहती हैं- मेरे और परिवार के रिश्ते उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं। बहुत कुछ अंदर ही अंदर मुझे तोड़ रहा था। मैं 23 साल की थी, तभी पिता का निधन हो गया। उस समय मैं करियर में ठीक कर रही थी, लेकिन अंदर से टूट गई थी।

**शराब की लत और पछतावा-** इस दर्द ने जैस्मीन को ऐसे दौर में धकेला, जहां उन्होंने खुद को खो दिया। वह कहती हैं- मैंने खुद को शराब में डुबो लिया था। मैं बहुत ज्यादा शराब पीती थी और आज भी पछतावा है। उस वक्त वही मेरे लिए सहारा था। मैं पूरी जिंदगी ऐसे सुकून और घर की तलाश में भटकती रही, जो बचपन में नहीं मिला।

**खुद को कमजोर और असहाय महसूस करने लगी थी-** मेरी मां और परिवार ने रिकवरी में बहुत मदद की। जब मैं टूट चुकी थी, तब भी उन्होंने मुझसे प्यार किया। मेरी सबसे बड़ी लड़ाई खुद से थी। उस समय मुश्किल होता था, क्योंकि दिन शुरू होते ही मैं पुरानी आदतों में फंस जाती थी। मैंने भगवान से प्रार्थना की- 'प्लीज मुझे बचा लो, मुझे बस एक और मौका दे दो। मैं बहुत बेबस महसूस कर रही थी। उस दौर से बाहर आने के लिए चीजों को नहीं कहने की हिम्मत चाहिए होती है। परिवार का साथ जरूरी है, उनसे दूर मत भागिए। जब मैंने जिंदगी से जहरीली चीजें निकाल दीं, तो लगा जैसे नई जिंदगी मिल गई हो।'

### आईपीएल का गणित-हार के बावजूद पंजाब प्लेऑफ की दहलीज पर

# आज मुंबई के लिए करो या मरो मैच

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**




टेबल टॉपर पंजाब किंग्स को आईपीएल के मौजूदा सीजन में दूसरी हार झेलनी पड़ी। उसे रविवार के दूसरे मैच में गुजरात टाइटंस ने 4 विकेट से हराया। हार के बावजूद पंजाब की टीम प्लेऑफ की दहलीज पर है।

आईपीएल में रविवार को डबल हेडर डे था यानी कि दिन में दो मुकाबले। दिन के पहले मैच में कोलकाता नाइड राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हराया। खास बात यह रही कि 2 मैचों के नतीजों के बाद पॉइंट्स टेबल में कोई बदला नहीं हुआ। बाकी कि टीमें भी अपने-अपने स्थान पर हैं।

**पंजाब प्लेऑफ की रेस में सबसे आगे–** पंजाब की टीम प्लेऑफ की रेस में सबसे आगे है। बेंगलुरु, हैदराबाद और राजस्थान की टीमें एक समान 12-12 अंक लेकर क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। पंजाब को हराने वाली गुजरात 12 अंक के साथ 5वें नंबर पर है।

पंजाब की टीम 9 में से 6 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। टीम ने 2 मैच गंवाए हैं। एक नो रिजल्ट मैच के सहारे उसके पास 13 अंक हैं।

गुजरात ने सीजन में छठी जीत हासिल की है। टीम के 12 अंक हो गए हैं और टाइटंस की टीम 5वें नंबर पर कायम है। क्योंकि उसका नेट रन रेट खराब है।

**आज के मैच की बात–** मुंबई के पास प्लेऑफ रेस में बने रहने का आखिरी मौका आज मुंबई के पास प्लेऑफ की रेस में बने रहने का आखिरी मौका है। अगर टीम लखनऊ से हार जाती है, तो प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी। मुंबई ने अब तक 9 मैच खेले हैं। इनमें से उसे 2 जीत ही मिली है। 7 में उसे हार झेलनी पड़ी है। आज के बाद मुंबई बचे हुए 4 मैच और जीतकर 12 अंक तक ही पहुंच सकती है, जोकि प्लेऑफ के लिए काफी नहीं है। लखनऊ को अगले सभी मैच जीतने होंगे, दूसरों पर निर्भर लखनऊ पॉइंट्स टेबल के निचने पायदान पर है। टीम के पास 8 मैचों में 4 अंक हैं। क्योंकि, लखनऊ ने मुंबई से एक मैच कम खेला है। इसलिए उसके पास प्लेऑफ में प्रवेश करने का चांस है। आज हारने की स्थिति में लखनऊ की राह कठिन हो जाएगी। उसने दूसरी टीमों के प्रदर्शन पर निर्भर रहना होगा।

**अभिषेक को ऑरेंज कैप मिली, राहुल को पीछे छोड़ा–** दिन के पहले मैच में अभिषेक शर्मा ने 10 बॉल पर 15 रन बनाए। इन 15 रनों के सहारे अभिषेक ने सीजन के टॉप स्कोरर की लिस्ट में दिल्ली के केएल राहुल को पीछे छोड़ दिया है। अब अभिषेक के नाम 10 मैचों में 440 रन हो गए हैं, जबकि केएल राहुल 433 रन के साथ दूसरे और हैदराबाद के हेनरिक क्लासन 425 के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

**रबाडा पर्पल कैप रेस में तीसरे नंबर पर आए–** गुजरात के कगिसो रबाडा ने पंजाब के खिलाफ मैच में 2 विकेट लिए। इसके सहारे वे सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने राजस्थान के जोफ्रा आर्चर को पीछे छोड़ा। रबाडा के नाम 16 विकेट हैं। बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार और चेन्नई के अंशुल कम्बोज 17-17 विकेट के साथ पहले और दूसरे स्थान पर हैं।

### रेसलर विनेश फोगाट बोलीं

# मैं भी बृजभूषण के शोषण की पीड़ित



### गोंडा में कुश्ती लड़ना मुश्किल होगा, वहां मेरे साथ गलत हुआ तो सरकार जिम्मेदार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ पानीपत**

ओलिंपियन रेसलर विनेश फोगाट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करके विनेश ने कहा, यूपी के गोंडा में 10 से 12 मई के बीच सीनियर ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट हो रहा है। आज कुछ मजबूरियों के चलते मैं कहना चाहती हूं कि बृजभूषण शरण के खिलाफ कंप्लेंट करने वाले उन 6 विक्टिम में मैं भी शामिल हूं। मेरी गवाही भी कोर्ट में चल रही है। मेरा उसके घर (गोंडा) में जाकर कॉम्पिटीशन लड़ना मुश्किल होगा। मुझे नहीं लगता कि मैं अपना 100% दे पाऊंगी। एक लड़की के लिए ये काफी मुश्किल होगा। मैं और मेरी टीम कॉम्पिटीशन लड़ेगी, अगर किसी के साथ कुछ गलत होता है तो इसकी जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी। बता दें कि करीब 3 साल पहले विनेश ने बृजभूषण पर महिला खिलाड़ियों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इसे लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर महिला पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ धरना भी दिया था। विनेश हरियाणा के जुलाना से कांग्रेस विधायक हैं। बृजभूषण भाजपा के पूर्व सांसद हैं। वर्तमान में उनका एक बेटा यूपी से सांसद और एक विधायक है।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









नया वार्डरोब फीचर

## अब आपकी फोटो गैलरी से ही बनेंगे आउटफिट आइडिया



ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

टेक्नोलॉजी दिग्गज गूगल ने अपने लोकप्रिय ऐप गूगल फोटो में एक नया एआई आधारित वार्डरोब फीचर जोड़ने की घोषणा की है, जो यूजर्स के फोटो कलेक्शन को एक डिजिटल अलमारी में बदल देगा। इस फीचर के जरिए अब यूजर्स बिना किसी मैन्युअल मेहनत के अपनी कपड़ों की पूरी सूची तैयार कर सकेंगे और अलग-अलग आउटफिट कॉम्बिनेशन भी बना पाएंगे। यह फीचर खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी माना जा रहा है जो अपने कपड़ों को व्यवस्थित रखने और नए स्टाइल एक्सपेरिमेंट करने में रुचि रखते हैं। यह नया टूल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से काम करता है, जो यूजर की गैलरी में मौजूद तस्वीरों को स्कैन करके उनमें दिख रहे कपड़ों की पहचान करता है। इसमें शर्ट, पैंट, ड्रेस, जूते और एक्सेसरीज जैसी चीजों को पहचानकर अलग-अलग कैटेगरी में व्यवस्थित किया जाता है। इस तरह यूजर्स को एक ही जगह पर अपने सभी कपड़ों की डिजिटल लिस्ट मिल जाती है, जिससे उन्हें किसी खास कपड़े को ढूंढने या याद करने में आसानी होती है। यह फीचर पुराने और कम इस्तेमाल किए गए कपड़ों को भी दोबारा सामने लाने में मदद करता है। वार्डरोब फीचर का एक खास पहलू यह है कि इसमें यूजर्स अलग-अलग कपड़ों को मिलाकर नए आउटफिट तैयार कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कोई यूजर अपनी शर्ट, पैंट और जैकेट को वर्चुअली मिलाकर देख सकता है कि कौन सा कॉम्बिनेशन बेहतर लगेगा। इसके अलावा, यूजर्स इन आउटफिट्स को सेव कर सकते हैं और खास मौकों जैसे पार्टी, ऑफिस या ट्रैवल के लिए अलग-अलग स्टाइल प्लान कर सकते हैं।

आईएमएफ का दावाः भारत में डिजिटल सिस्टम से छोटे उद्यमों की कमाई बढ़ी

# अब बड़े कारोबारियों को दे पा रहे टक्कर

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली


आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सरकारी प्रक्रियाओं के डिजिटल होने से छोटे कारोबारों की उत्पादकता बढ़ी है और उनके लिए काम करना आसान हुआ है। जिन राज्यों ने ज्यादा डिजिटल सुधार किए, वहां छोटे कारोबार अब बड़े कारोबारों के साथ ज्यादा संतुलित तरीके से प्रतिस्पर्धा कर पा रहे हैं।

भारत में सरकारी प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने की पहल का असर अब साफ तौर पर दिख रहा है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की एक नई स्टडी के मुताबिक, जिन राज्यों ने प्रशासनिक कामकाज को तेजी से ऑनलाइन किया, वहां छोटे कारोबारों (माइक्रो एंटरप्राइज) की उत्पादकता बढ़ी है और अलग-अलग कंपनियों के बीच का अंतर भी कम हुआ है।

**कैसे हुआ सर्वे-** यह अध्ययन 2010-11 और 2015-16 के राष्ट्रीय सर्वे डेटा पर आधारित है। इसमें अलग-अलग राज्यों के कारोबारों की तुलना की गई, खासकर उन राज्यों की जिन्होंने टैक्स फाइलिंग, परमिट, निरीक्षण और विवाद समाधान जैसे कामों को डिजिटल किया।

**डिजिटल सुधारों को अपनाने से क्या बदलवा हुआ-** रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन राज्यों ने ज्यादा डिजिटल सुधार अपनाए, वहां कारोबारों की काम करने की क्षमता (प्रोडक्टिविटी) तेजी से बढ़ी। साथ ही कंपनियों के बीच जो फर्क पहले ज्यादा था, वह भी कम हुआ। इसका मतलब है कि छोटे और बड़े कारोबारों के बीच प्रतिस्पर्धा अब ज्यादा संतुलित हुई है।

**क्या है 98-पॉइंट एक्शन प्लान-** 2014 में राज्यों ने मिलकर '98-पॉइंट एक्शन प्लान' लागू किया था, जिसका मकसद बिजनेस के लिए नियम आसान बनाना और ज्यादा से ज्यादा प्रक्रियाओं को ऑनलाइन करना था। इसके तहत छह मुख्य क्षेत्रों टैक्स सिस्टम, निर्माण परमिट, पर्यावरण और श्रम नियम, निरीक्षण, व्यावसायिक विवाद और सिंगल-विंडो क्लीयरेंस में सुधार किए गए।



### छोटे कारोबारियों को कैसे हुआ फायदा?

डिजिटल सिस्टम आने से छोटे कारोबारियों का काम काफी आसान हुआ। अब उन्हें सरकारी दफ्तरों के चक्कर कम लगाने पड़ते हैं, समय और पैसा दोनों की बचत होती है। ऑनलाइन टैक्स फाइलिंग और ऑटोमेटेड मंजूरी जैसी सुविधाओं ने पारदर्शिता बढ़ाई है और देरी को कम किया है। इससे रिश्वत जैसे अनौपचारिक खर्चों में भी कमी आई है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि जिन राज्यों में सुधार ज्यादा हुए, वहां कारोबार लगातार बेहतर प्रदर्शन करते दिखे। उनकी उत्पादकता बढ़ी और संसाधनों जैसे पूंजी और श्रम का इस्तेमाल भी ज्यादा प्रभावी हुआ।

### क्या दिलचस्प बात आई सामने?

हालांकि, एक दिलचस्प बात यह भी सामने आई कि इन सुधारों का सबसे ज्यादा फायदा शुरूआती दौर में मिला। जैसे-जैसे सुधार बढ़ते गए, उनके अतिरिक्त लाभ थोड़े कम होते गए। यानी शुरूआत के कदम सबसे ज्यादा असरदार साबित हुए।

### एमएसएमई है देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़

भारत का सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम सेक्टर अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यह क्षेत्र देश के कुल मैन्युफैक्चरिंग उत्पादन का करीब 35% योगदान देता है और लगभग 11 करोड़ लोगों को रोजगार देता है। इनमें से ज्यादातर छोटे और अनौपचारिक व्यवसाय हैं, जो नियमों और लागत के प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं। आईएमएफ की यह रिपोर्ट दिखाती है कि डिजिटल गवर्नेंस और बिजनेस सुधारों ने न सिर्फ कामकाज को आसान बनाया है, बल्कि छोटे कारोबारों को मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभाई है। इसका सीधा असर देश की आर्थिक वृद्धि और रोजगार पर पड़ा है।

बीमा क्षेत्र में

## 100% विदेशी निवेश की अधिसूचना जारी




ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

वित्त मंत्रालय ने बीमा क्षेत्र में ऑटोमेटिक रूट से 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को मंजूरी देने वाले नियम को शनिवार को अधिसूचित कर दिया। अधिसूचना के अनुसार विदेशी मुद्रा प्रबंधन (फेमा) नियम, 2026 के अनुसार, ऑटोमेटिक रूट से बीमा कंपनियों और उससे जुड़े मध्यस्थों, जिनमें ब्रोकर भी शामिल हैं, में अब 100 प्रतिशत विदेशी निवेश की अनुमति होगी। हालांकि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में विदेशी निवेश की सीमा पहले की तरह 20% ही बनी रहेगी।

संसद ने दिसंबर, 2025 में 'सबका बीमा सबकी रक्षा' विधेयक, 2025 पारित किया था, जिसके जरिये बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को स्वचालित मार्ग के तहत पहले के 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने की मंजूरी दी गई। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह विधेयक कानून बन गया। इसके बाद फरवरी, 2026 में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को अधिसूचित किया था। अब इस फैसले को अधिसूचित कर दिए जाने के बाद विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय बीमा कंपनियों में पैसा लगाना आसान हो जाएगा। भारत का बीमा क्षेत्र विश्व के सबसे तेजी से बढ़ते बीमा क्षेत्रों में एक है। यह वैश्विक स्तर पर 10वें स्थान पर है और इसकी सालाना विकास दर लगभग 15-20 फीसदी है। जागरूकता में वृद्धि, डिजिटल तकनीक को अपनाने और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा पहले 74 फीसदी तक किए जाने के बाद इस क्षेत्र में तेज वृद्धि देखने को मिली थी। अब विदेशी निवेश सीमा को 100 फीसदी कर दिए जाने से इसकी वृद्धि की रफ्तार और तेज होने की उम्मीद है। बीमा नियामक आईआरडीएआई द्वारा शासित इस क्षेत्र में अभी 57 से अधिक कंपनियां शामिल हैं, जिनमें सरकारी बीमा कंपनी एलआईसी का बड़ा हिस्सा है।

45 हजार टन एलपीजी लेकर भारत की ओर बढ़ा सुपरटैंकर

# गैस-पेट्रोल की किल्लत से मिलेगी राहत

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

खाड़ी देशों में भड़की युद्ध की चिंगारी ने भारतीय रसोईयों का बजट बिगाड़ कर रख दिया है। ईरान तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से देश में एलपीजी गैस की भारी किल्लत महसूस की जा रही है, जिससे आम आदमी की जेब पर सीधा असर पड़ा है। इस संकट के बीच आसमान छूती महंगाई ने लोगों को खौफ में डाल दिया था, लेकिन अब ऐसी खबर सामने आई है, जो करोड़ों भारतीयों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। ब्लूमबर्ग की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, गैस संकट को दूर करने के लिए एक विशालकाय भारतीय सुपर टैंकर राहत लेकर देश की तरफ बढ़ रहा है।

**होर्मुज के खतरनाक रास्ते से आ रही है गैस की बड़ी खेप-**लगातार गहराते गैस संकट के बीच 'सर्व शक्ति नाम का भारतीय सुपर टैंकर समुद्री रास्ते से उत्तर की ओर बढ़ता हुआ देखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह विशाल जहाज कम से कम 45,000 टन एलपीजी गैस से लदा हुआ है और शनिवार को इसे लारक तथा केसम आइलैंड के करीब ट्रैक किया गया। शिप ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, ओमान की खाड़ी से होते हुए इस टैंकर के भारत पहुंचने की पूरी संभावना है। हालांकि, अभी यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सुपर टैंकर ने होर्मुज के मुश्किल और ब्लॉक किए गए रास्ते को पूरी तरह पार कर लिया है या नहीं, लेकिन इसके भारत की ओर बढ़ने से एक बड़ी राहत की उम्मीद जाग गई है।

**अमेरिका की सख्त नाकाबंदी में फंसे भारत के 14 जहाज-** बीती 13 अप्रैल से अमेरिका द्वारा की गई सख्त नाकाबंदी और ईरान की तरफ से होर्मुज का रास्ता बंद किए जाने के कारण समंदर में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं। इसी नाकेबंदी के चलते भारत के कम से कम 14 जहाज फारस की खाड़ी में ही फंसे पड़े हैं। बीच में दो भारतीय जहाजों ने होर्मुज से बाहर निकलने की कोशिश भी की थी, लेकिन ईरान की कड़ी चेतावनी के बाद उन्हें मजबूरन वापस लौटना पड़ा। वहीं, फाइनेंशियल टाइम्स की एक चौंकाने वाली रिपोर्ट यह भी बताती है कि ईरान से कनेक्शन वाले लगभग 34 टैंकर अमेरिकी नाकेबंदी को चकमा देकर वैकल्पिक रास्तों से सुरक्षित निकलने में कामयाब रहे हैं।




### रसोई गैस के बाद अब पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर मंडरा रहा खतरा

युद्ध के इन हालातों में सिर्फ गैस ही नहीं, बल्कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर भी बड़ा खतरा मंडरा रहा है। बीते दिनों ही सरकार ने 5 किलो वाले छोटे गैस सिलेंडर के दाम में 261 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर पर सीधे 1000 रुपये की भारी बढ़ोतरी करके सबको चौंका दिया था। अब वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आए जबरदस्त उछाल ने मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। इस सप्ताह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 126 डॉलर प्रति बैरल के चार साल के उच्चतम स्तर को छू गया। हालांकि अब यह 110 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है, लेकिन सरकारी सूत्रों ने साफ कर दिया है कि बदलते हालातों और बढ़ते घाटे को देखते हुए जल्द ही देश में पेट्रोल और डीजल के दामों में भी इजाफा देखने को मिल सकता है।

वैश्विक तनाव के बीच भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत

# आरबीआई गवर्नर ने चेताया बढ़ सकते हैं कर्ज और महंगाई

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि वैश्विक तनाव और अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है, जिसे घरेलू खपत और सरकारी निवेश का सहारा मिल रहा है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी भी दी है। आइए विस्तार से जानते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद भारत की मैक्रोइकोनॉमिक बुनियाद मजबूत बनी हुई है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बढ़ता सार्वजनिक कर्ज और रक्षा खर्च वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। नीदरलैंड्स के एम्स्टर्डम में आयोजित 25वें वार्षिक सम्मेलन में बोलते हुए मल्होत्रा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत घरेलू खपत और लगातार सार्वजनिक निवेश का सहारा मिल रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार के पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) पर जोर से निजी निवेश को बढ़ावा मिला है और उत्पादन क्षमता का विस्तार हुआ है।

**गवर्नर ने क्यों जताई चिंता-** गवर्नर ने वैश्विक स्तर पर जारी वित्तीय विस्तार और बढ़ते रक्षा खर्च को लेकर चिंता जताई। उनके मुताबिक, इससे कई देशों की राजकोषीय स्थिति पर दबाव बढ़ सकता है। साथ ही, उन्होंने तकनीकी क्षेत्र समेत कुछ परिसंपत्ति वर्गों में ऊंचे मूल्यांकन को भी बाजार के लिए संभावित खतरा बताया। मल्होत्रा ने कहा कि सप्लाई चेन में व्यवधान और ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी का असर पहले ही आर्थिक गतिविधियों पर दिख रहा है। उन्होंने चेताया कि अगर यह संकट लंबा खिंचता है, तो इसका असर महंगाई पर भी पड़ सकता है और सेकेंड-ऑर्डर महंगाई दबाव पैदा हो सकता है।

**सेकेंड-ऑर्डर महंगाई क्या है-** सेकेंड-ऑर्डर महंगाई वह स्थिति है, जब किसी शुरूआती झटके जैसे ईंधन, खाद्य पदार्थ या कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर धीरे-धीरे पूरी अर्थव्यवस्था में फैलने लगता है। शुरूआत में महंगाई कुछ चुनिंदा वस्तुओं तक सीमित रहती है, लेकिन समय के साथ इसका प्रभाव अन्य क्षेत्रों पर भी पड़ने लगता है।

# रेसलर विनेश फोगाट बोलीं-मैं भी बृजभूषण के शोषण की पीड़ित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ओलिंपियन रेसलर विनेश फोगाट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करके विनेश ने कहा, यूपी के गोंडा में 10 से 12 मई के बीच सीनियर ओपन रैंकिंग कुश्ती टूनार्मेंट हो रहा है।

आज कुछ मजबूरियों के चलते मैं कहना चाहती हूं कि बृजभूषण शरण के खिलाफ कंप्लेंट करने वाले उन 6 विक्टिम में मैं भी शामिल हूं। मेरी गवाही भी कोर्ट में चल रही है। मेरा उसके घर (गोंडा) में जाकर कॉम्पिटीशन लड़ना मुश्किल होगा। मुझे नहीं लगता कि मैं अपना 100% दे पाऊंगी। एक लड़की के लिए ये काफी मुश्किल होगा। मैं और मेरी टीम कॉम्पिटीशन लड़ेगी, अगर किसी के साथ कुछ गलत होता है तो इसकी जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी।

बता दें कि करीब 3 साल पहले विनेश ने बृजभूषण पर महिला खिलाड़ियों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इसे लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर महिला पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ धरना भी दिया था। विनेश हरियाणा के जुलाना से कांग्रेस विधायक हैं। बृजभूषण भाजपा के पूर्व सांसद हैं। वर्तमान में उनका एक बेटा यूपी से सांसद और एक विधायक है।

### पिछले डेढ़ साल से मैट से दूर थी

विनेश ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा- आप सब को नमस्कार। जैसा की सभी को पता है कि पिछले डेढ़ साल से मैं रेस्लिंग मैट से काफी दूर थी। लेकिन अब कुछ महीनों से मैं रेसलिंग की तैयारियां कर रह रही हूं। बड़ी मेहनत और ईमानदारी से मेहनत कर रही हूं।

जैसे मैंने पहले देश के लिए मेडल जीते, परमात्मा के आशीर्वाद से, आप सबके सहयोग से फिर से रेसलिंग मैट पर जाऊं और देश के लिए ढेर सारे मेडल जीतूं और देश के तिरंगे का मान बनाए रखूं।

### एक महीने पहले कॉम्पिटीशन अनाउंस हुआ

विनेश ने आगे कहा कि मैं आप सबके साथ वीडियो के माध्यम से कुछ बातें साझा करना चाहती हूं। आज से करीब एक महीना पहले रेसलिंग फेडरेशन ने एक कॉम्पिटीशन का अनाउंसमेंट किया गया। यह टूनार्मेंट जहां पर ऑर्गनाइज करवाया जा रहा है, वो गोंडा यूपी है। जहां बृजभूषण का घर है।

वहां उसका प्राइवेट कॉलेज है। वहां पर मेहनत करने वाले हर खिलाड़ी को उसका हक मिलेगा, यह बड़ा नामुमकिन और बहुत इम्पॉसिबल चीज है।

### सरकार ने सब बृजभूषण के सहारे छोड़ा

विनेश ने कहा, कौन रेफरी, किसके मैच में जाएगा। कौन रेफरी कितने पॉइंट देगा, कौन मैच चेयरमैन कहां पर बैठेगा, किसको जितवाना है, किसको हरवाना है। ये सब बृजभूषण और उसके लोगों द्वारा कंट्रोल किया जाएगा। सरकार और हमारा खेल मंत्रालय मूक दर्शक बनकर इस चीज को देख रहा है।


कोई खिलाड़ियों की मदद के लिए आगे नहीं आ रहा, मानो बृजभूषण को फ्री हैंड दिया हुआ है कि तुम जो मर्जी करो। चाहे तुम महिला पहलवानों के साथ कुछ करो या तुम कुश्ती जगत के साथ कुछ भी करो। हम तुम्हारे साथ में खड़े हैं। सभी मेहनती खिलाड़ियों का वजन सही से चेक किया जाएगा, उनकी मेहनत का असल रिजल्ट मैट पर निकलकर आएगा, ऐसा मुझे नहीं लगता।

# राजस्थान-बिहार समेत 10 राज्यों में आंधी-बारिश:यूपी के 64 जिलों में आज भी अलर्ट

## कश्मीर में लैंडस्लाइड से बारामूला-उरी रोड बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली






राजस्थान, बिहार और उत्तराखंड समेत 10 राज्यों में आंधी-बारिश का दौर जारी है। राजस्थान में रविवार को खराब मौसम के कारण तीन लोगों की मौत हो गई। दौसा के लालसोट और कोटपूतली-बहरोड़ के नारायणपुर में ओले गिरे।

यूपी में आंधी-बारिश जारी है। आज कानपुर, सुल्तानपुर और बाराबंकी समेत 64 जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है। लखनऊ में सुबह-सुबह तेज हवा चल रही है। वहीं पिछले 24 घंटे में जालौन सबसे गर्म शहर रहा। यूपी के सुल्तानपुर में पेड़ की डाल गिरने से एक की मौत हो गई।

राजस्थान के दौसा, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर और हनुमानगढ़ में आंधी के साथ बारिश हुई। ओले भी गिरे। कई झुग्गी-झोपड़ियां उजड़ गईं। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर पेड़ गिरने से 40 मिनट तक जाम रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश के 19 जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज और 8 जिलों में यलो अलर्ट है।

हरियाणा के सिरसा, भिवानी और महेंद्रगढ़ में रविवार को तेज बारिश के साथ ओले गिरे। उत्तराखंड के भी 11 जिलों में बारिश हुई। नैनीताल, देहरादून और अल्मोड़ा में ओले भी गिरे। जम्मू-कश्मीर के लघामा में लैंडस्लाइड के बाद बारामूला-उरी नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया। ट्रैफिक को उरी की ओर बांदी-परानपिलन-दाची मार्ग से डायवर्ट किया गया है।

रविवार को राजस्थान के फलोदी में 44.8त्त और महाराष्ट्र के वर्धा में 43.5त्त तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज 13 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, 10 राज्यों में आंधी के साथ बिजली गिरने की आशंका है।

# क्रूज का एक इंजन स्लो था, महेश पटेल बोले- आखिरी दम तक अंदर फंसा रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

जबलपुर के बरगी डैम में 30 अप्रैल को क्रूज डूबने से 13 लोगों की जान चली गई। इनमें 8 महिलाएं, 4 बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं। करीब 60 घंटे के रेस्क्यू के बाद पानी से सभी शव निकाले जा सके।

हादसे में 22 लोग बच पाए हैं। इन्हीं में से एक हैं- महेश पटेल। महेश ही वे शख्स हैं, जिनके हाथों में उस दिन क्रूज की कमान थी। वे उसके को-पायलट थे। मुख्यमंत्री के आदेश पर महेश को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। नका कहना है कि वे आखिरी दम तक क्रूज के अंदर फंसे रहे। किसी को छोड़कर नहीं भागे। वो मंजर ऐसा था, जिसे कभी नहीं भूल सकता। मेरी गलती नहीं थी, लेकिन फिर भी सबसे माफी मांगता हूं। क्रूज का एक चक्कर लगभग 45 मिनट का होता है। इसमें हम 7 किलोमीटर का सफर तय करते हैं। इसमें साढ़े 3 किलोमीटर जाना और साढ़े 3 किलोमीटर आना होता है।



30 अप्रैल की शाम 5:16 पर क्रूज निकला था। हम लौट रहे थे, उस समय लगभग 6:45 बजे होंगे। हम किनारे से लगभग 50 मीटर की दूरी पर थे। अचानक तेज हवा चलने लगी। इसकी रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रही होगी।

मैंने सोचा कि एलएनटी के ब्रिज के पास क्रूज को पार्क किया जाए। स्टाफ से कहा कि हवा तेज है, आप सभी को लाइफ सपोर्ट जैकेट बांट दीजिए। स्टाफ ने सभी को जैकेट बांट दिया। देखते ही देखते क्रूज में पानी भरने लगा।

# भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट सैटेलाइट 'दृष्टि' लॉन्च

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय स्टार्टअप गैलेक्सआई ने रविवार को अमेरिकी कंपनी स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से अपना पहला सैटेलाइट ह्यदृष्टिह्न लॉन्च किया। 190 किलो वजन के साथ दृष्टि भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट सैटेलाइट है। दृष्टि सैटेलाइट एक साथ ऑप्टिकल और रडार (रअफ) दोनों से फोटो ले सकता है। अब तक दुनिया के सैटेलाइट या तो मल्टी-स्पेक्ट्रल/हाइपर-स्पेक्ट्रल (ऑप्टिकल) इमेज लेते थे या रअफ तकनीक का इस्तेमाल करते थे। ऑप्टिकल इमेज साफ और समझने में आसान होती हैं। रअफ यानी सिंथेटिक अपर्चर रडार तकनीक बादलों, बारिश या रात में भी इमेजिंग कर सकती है। गैलेक्सआई ने टेक्नॉलजी को Opto-SAR नाम दिया है। दृष्टि से रक्षा, खेती, डिजास्टर मैनिज्मन्ट, समुद्री निगरानी और इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग जैसे कामों में मदद करेगा। यह सैटेलाइट इसरो के 29 अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट्स का साथ देगा। कंपनी के संस्थापक सुयश सिंह के मुताबिक,पहले बेहतर जानकारी के लिए अलग-अलग सैटेलाइट का डेटा जोड़ना पड़ता था। इससे अलग-अलग समय और एंगल की तस्वीरों का मेल नहीं बैठता था। दृष्टि एक ही समय में एक ही जगह की सटीक तस्वीर देगा। उन्होंने बताया कि खराब मौसम में ऑप्टिकल इमेज नहीं मिलने पर कंपनी अकसे रअफ डेटा को ऑप्टिकल जैसी तस्वीरों में बदल सकती है। इससे हर मौसम और हर समय इमेजिंग संभव होगी।

## नेपाल बोला- भारतीय यात्री लिपुलेख से मानसरोवर न जाएं:ये हमारा इलाका;

# भारत बोला- नेपाल के दावे का कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

नेपाल सरकार ने भारतीय तीर्थयात्रियों से लिपुलेख के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा न करने की अपील की है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि 1816 की सुगौली संधि के मुताबिक लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी क्षेत्र नेपाल का हिस्सा है।

सरकार ने कहा कि लिपुलेख के रास्ते प्रस्तावित कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर उसने भारत और चीन दोनों को डिप्लोमैटिक तरीके से अपनी आपत्ति और चिंता से अवगत करा दिया है। नेपाल ने यह भी बताया कि




वह पहले भी भारत से इस इलाके में सड़क निर्माण, व्यापार और पर्यटन जैसी एक्टिविटी न करने की अपील करता रहा है। नेपाल ने चीन को भी आधिकारिक तौर पर यह जानकारी दी है कि लिपुलेख उसका हिस्सा है।

नेपाल की हालिया टिप्पणी के बाद भारत ने अपना रुख स्पष्ट किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस मुद्दे पर भारत की स्थिति पहले से ही स्पष्ट और स्थिर रही है। भारत सभी विवादों का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए निकालने के पक्ष में है। जायसवाल ने कहा कि लिपुलेख दर्रा 1954 से कैलाश मानसरोवर यात्रा का एक पारंपरिक मार्ग रहा है और इस रास्ते का इस्तेमाल कई दशकों से होता आ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। सीमा विवाद पर भारत ने फिर दोहराया कि नेपाल के दावे तथ्यों और ऐतिहासिक प्रमाणों पर आधारित नहीं हैं। भारत ने कहा कि एकतरफा और कृत्रिम तरीके से सीमा दावों को बढ़ाना स्वीकार्य नहीं है। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत, नेपाल के साथ सभी लंबित मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत के लिए तैयार है और सीमा से जुड़े मतभेदों को भी आपसी संवाद और कूटनीति के जरिए सुलझाने का समर्थन करता है। भारत, नेपाल और चीन सीमा से लगे इस इलाके में हिमालय की नदियों से मिलकर बनी एक घाटी है, जो नेपाल और भारत में बहने वाली काली या महाकाली नदी का उद्गम स्थल है। इस इलाके को कालापानी भी कहते हैं। यहीं पर लिपुलेख दर्रा भी है। यहां से उत्तर-पश्चिम की तरफ कुछ दूरी पर एक और दर्रा है।

### अमेरिका होर्मुज में फंसे जहाजों को सुरक्षित निकालेगा

# आज से प्रोजेक्ट फ्रीडम शुरू, डोनाल्ड ट्रम्प की चेतावनी- ईरान ने दखल दिया तो अंजाम बुरा होगा




ब्रह्मास्त्र ›› तेल अवीव/तेहरान/

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने होर्मुज से जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए एक समुद्री अभियान शुरू करने का ऐलान किया है। इस मिशन का नाम प्रोजेक्ट फ्रीडम रखा गया है।

ट्रम्प ने रविवार को सोशल मीडिया पर बताया कि कई देशों ने अमेरिका से मदद मांगी है। उनके जहाज यहां फंस गए हैं। ट्रम्प ने इन जहाजों और उनके कर्मचारियों को निर्दोष बताया और कहा कि वे हालात के कारण मुश्किल में फंस गए हैं।

उन्होंने कहा कि अमेरिका इन जहाजों को सुरक्षित रास्ता दिखाएगा ताकि वे बिना किसी खतरे के अपना काम जारी रख सकें। यह ऑपरेशन सोमवार सुबह से शुरू होगा। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि अगर इस ऑपरेशन में ईरान ने कोई रुकावट पैदा की तो अमेरिका सख्त जवाब देगा।

पूर्व कमांडर मोहसिन रजाई ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि होर्मुज को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना दिया जाएगा। जंग रोकने का नया प्रस्तावः अमेरिका को पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान की ओर से 14-पॉइंट का प्रस्ताव मिला है। ट्रम्प ने कहा कि वे इस नए प्रस्ताव का रीव्यू भी कर रहे है। कार्गो शिप पर बोट्स से हमलाः होर्मुज स्ट्रेट में एक बड़े कार्गो जहाज पर छोटे-छोटे नावों से हमला किया गया है। किसी के घायल होने की खबर नहीं मिली है। अब तक 49 जहाजों ने रास्ता बदलाः अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया है कि ईरान के बंदरगाहों पर चल रही घेराबंदी के दौरान अब तक 49 व्यापारिक जहाजों का रास्ता बदल दिया गया है।

**अमेरिका में पेट्रोल महंगाः** अमेरिका में पेट्रोल की कीमत बढ़कर 4.45 डॉलर (370 रुपए) प्रति गैलन (3.78 लीटर) हो गई है। 28 फरवरी के बाद से पेट्रोल की कीमत 1.47 डॉलर (122 रुपए) बढ़ चुकी है।

ईरान जंग से जुड़े अपडेट्स के लिए नीचे ब्लॉग से गुजर जाइएङ्क

### ईरान में आज 3 लोगों को फांसी, मोसाद से जुड़े होने का आरोप

ईरान में सोमवार सुबह मशहद में अशांति और कथित तौर पर मोसाद से जुड़े साजिश के आरोप में तीन लोगों को फांसी दे दी गई। तेहरान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक इन पर जनवरी 2026 में तख्तापटल की साजिश का आरोप है।

मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि 28 फरवरी से अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद से ईरान में कम से कम 25 राजनीतिक कैदियों को फांसी दी जा चुकी है।

### अमेरिकी सेना होर्मुज में हर जहाज को सुरक्षा नहीं देगी

अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक होर्मुज में शुरू किए गए नए अभियान में हर जहाज के साथ सीधे अमेरिकी नौसेना की एस्कॉर्ट नहीं होगी। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी युद्धपोत आसपास मौजूद रहेंगे और अगर ईरान की सेना किसी जहाज को निशाना बनाती है तो तुरंत जवाब देने के लिए तैयार रहेंगे। अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका व्यापारिक जहाजों को सुरक्षित रास्तों की जानकारी भी देगा। इसमें उन समुद्री मार्गों की पहचान शामिल होगी जिन्हें बारूदी सुरंगों से मुक्त माना जा रहा है, ताकि जहाज कम जोखिम वाले रास्तों से गुजर सकें।

इस रणनीति से साफ है कि अमेरिका लगातार सुरक्षा देने के बजाय डर पैदा करने की नीति पर काम कर रहा है। यानी जरूरत पड़ने पर कार्रवाई के लिए मौजूद रहना, लेकिन हर समय जहाजों के साथ चलने की जिम्मेदारी न लेना।

अमेरिका की तरफ से शुरू किए गए प्रोजेक्ट फ्रीडम मिशन को अब युद्ध की रणनीति में बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है। अल जजीरा के मुताबिक पिछले 60 दिनों में अमेरिका के मकसद काफी बदल गए हैं और अब फोकस सीधे तौर पर हॉर्मुज पर आ गया है। शुरूआत में अमेरिका का मकसद ईरान में सत्ता परिवर्तन और उसके परमाणु व बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को खत्म करना था। लेकिन अब हॉर्मुज को खोलने और वहां से जहाजों की आवाजाही बहाल करने पर ध्यान दिया जा रहा है।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक यह अमेरिका के लिए ज्यादा हासिल करने लायक लक्ष्य है और इससे संघर्ष से बाहर निकलने का रास्ता भी आसान हो सकता है। अगर इस मिशन का ईरान विरोध करता है, तो हालात तेजी से बिगड़ सकते हैं। अगर टकराव होता है, तो अमेरिकी नौसेना को सिर्फ जहाजों को एस्कॉर्ट नहीं करना पड़ेगा बल्कि उनकी रक्षा भी करनी होगी। इससे जोखिम काफी बढ़ जाएगा और बीमा कंपनियों के लिए भी यह नया खतरा पैदा करेगा, क्योंकि समुद्री व्यापार की लागत और अनिश्चितता दोनों बढ़ सकती हैं। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने साफ किया है कि फिलहाल अमेरिका जर्मनी में टॉमहॉक क्रूज मिसाइल नहीं देगा।

### अमेरिका की हर गलत हरकत का कड़ा जवाब देंगे

ब्रह्मास्त्र ›› तेहरान

ईरान के सीनियर मिलिट्री अधिकारी मोहम्मद जाफर असदी ने आशंका जताई है कि अमेरिका के साथ फिर से युद्ध शुरू हो सकता है। ईरान की फॉर्स न्यूज एजेंसी ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान की सेना पूरी तरह तैयार है और अगर अमेरिका कोई गलत कदम उठाता है, तो जवाब दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका किसी भी समझौते या वादे का पालन नहीं करता।

असदी ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों के बयान और कदम ज्यादातर दिखावटी और मीडिया के लिए होते हैं। उनका मकसद पहले तेल की कीमतों को गिरने से रोकना और दूसरा अपनी बनाई हुई मुश्किल स्थिति से बाहर निकलना है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि वे ईरान को किसी भी हालत में परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे, क्योंकि यह पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। इसी वजह से अमेरिका को ईरान के खिलाफ जंग में उतरना पड़ा।

## ट्रम्प को भरोसा नहीं:बोले- ईरान ने मानवता के खिलाफ अपराध की कीमत अभी चुकाई नहीं है

ब्रह्मास्त्र ›› तेहरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नए शांति प्रस्ताव की समीक्षा करने की बात कही है, लेकिन इसकी सफलता पर संदेह जताया। उन्होंने कहा कि ईरान ने अभी तक अपने अपराधों की कीमत नहीं चुकाई है।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि वे ईरान के भेजे गए प्रस्ताव को जल्द देखेंगे, लेकिन इसके स्वीकार होने की संभावना कम है। उनका कहना है कि पिछले 47 साल में ईरान ने जो किया, उसके लिए उसे बड़ी कीमत चुकानी बाकी है।

दरअसल ईरान की एजेंसियों के मुताबिक, तेहरान ने पाकिस्तान के जरिए अमेरिका को 14-पॉइंट प्रस्ताव भेजा है। इसमें सभी मोर्चों पर संघर्ष खत्म करने और होर्मुज स्ट्रेट के लिए नया फ्रेमवर्क बनाने की बात शामिल है।

ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि अब अमेरिका को तय करना है कि वह बातचीत चाहता है या टकराव। ईरान दोनों विकल्पों के लिए तैयार है।

ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि अमेरिका को तय करना है कि वो शांति चाहता है या जंग।

ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि अमेरिका को तय करना है कि वो शांति चाहता है या जंग।

### ईरानी अधिकारी बोले- अमेरिका पर भरोसा नहीं

ईरानी सेना के सीनियर अधिकारी मोहम्मद जाफर असदी ने कल कहा कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता और दोनों देशों के बीच फिर से युद्ध हो सकता है।

उन्होंने कहा कि ईरान की सेना पूरी तरह तैयार है और अगर अमेरिका कोई गलत कदम उठाता है, तो जवाब दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका किसी भी समझौते या वादे का पालन नहीं करता।

असदी ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों के बयान और कदम ज्यादातर दिखावटी और मीडिया के लिए होते हैं। उनका मकसद पहले तेल की कीमतों को गिरने से रोकना और दूसरा अपनी बनाई हुई मुश्किल स्थिति से बाहर निकलना है।

### ईरान का आरोप- अमेरिका परमाणु संधि का पालन नहीं कर रहा

ईरान ने अमेरिका पर परमाणु समझौते का पालन न करने का आरोप लगाया है। ईरान ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र में कहा कि अमेरिका परमाणु अप्रसार संधि (ठढळ) के नियमों का पालन नहीं कर रहा और उसका व्यवहार दोहरे मापदंड वाला है। ईरान ने बयान में कहा कि पिछले 56 सालों से अमेरिका इस संधि के तहत अपनी जिम्मेदारियों का पालन नहीं कर रहा है। जबकि उसके पास हजारों परमाणु हथियार हैं। साथ ही ईरान ने यह भी कहा कि अगर अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी में काम किया जाए, तो यूरेनियम संवर्धन पर कोई कानूनी रोक नहीं है, जैसा कि ईरान के मामले में था। अमेरिका के साथ सीजफायर वार्ता को लेकर जारी चर्चा के बीच ईरान होर्मुज स्ट्रेट को लेकर नया कानून लाने की तैयारी कर रहा है।

### ईरान जंग के 2 महीने दुनिया में मंदी का संकट, दावा- अमेरिका ने 95 लाख करोड़ खर्चे



अमेरिका की ईरान के खिलाफ 28 फरवरी को शुरू हुई जंग को दो महीने हो चुके हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसे छोटी और निर्णायक लड़ाई बताया था, लेकिन अब हालात उलट दिख रहे हैं। जंग रुकी जरूर है, पर खत्म नहीं हुई। इस जंग में अब तक ईरान के 3,600 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 1,700 से ज्यादा आम नागरिक हैं।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (क्टत्र) के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गोरिन्शास ने चेतावनी दी है कि अगर यह संघर्ष लंबा चलता है और तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं, तो ग्लोबल आर्थिक ग्रोथ रेट गिरकर करीब 2% तक आ सकती है, जिसे आम तौर पर ग्लोबल मंदी माना जाता है।

जंग से पहले उम्मीद थी कि इस साल वैश्विक महंगाई 4.1% से घटकर 3.8% हो जाएगी, लेकिन अब 4.4% तक पहुंचने का अनुमान है। वहीं हार्वर्ड की इकोनॉमिस्ट लिंडा बिल्म्स का अनुमान है कि अमेरिका ने इस युद्ध पर करीब 1 ट्रिलियन डॉलर यानी 95 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं। हालांकि अमेरिकी सरकार ने 25 अरब डॉलर खर्च करने की बात कही है। दूसरी तरफ से इस जंग से चीन और रूस को फायदा मिल रहा है।

### चीन और रूस को जंग से फायदा

चीन इस जंग से अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में दिख रहा है। चीन ने पहले ही तेल के भंडार जोड़ रखे थे और वैकल्पिक ऊर्जा पर भी कई दशकों पहले से ध्यान दे रहा था। साथ ही, अमेरिका की छवि कमजोर होने से उसे कूटनीतिक फायदा मिला है।

चीन की तेल और गैस कंपनियां भी मुनाफा कमा रही हैं। उठठ के मुताबिक, 6 बड़ी कंपनियां इस साल 94 अरब डॉलर तक का फायदा कमा सकती हैं। इसके अलावा इस जंग से रूस की अर्थव्यवस्था को फायदा मिलता दिख रहा है। तेल और खाद की ऊंची कीमतों की वजह से रूस की कमाई बढ़ी है। साथ ही जब तेल की कीमतें तेजी से बढ़ रही थीं, तब अमेरिका ने समुद्र में मौजूद रूसी तेल पर कुछ समय के लिए पाबंदियां ढीली कर दीं, जिससे सप्लाई बढ़ सके, इससे रूस को और फायदा हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (क्एअ) के मुताबिक, मार्च में रूस की एनर्जी कमाई करीब दोगुनी होकर 19 अरब डॉलर पहुंच गई, जो फरवरी में 9.75 अरब डॉलर थी। चीन ने बिजली बनाने के दूसरे तरीकों पर भी तेजी से काम किया है, जैसे सौर ऊर्जा, हवा से बनने वाली ऊर्जा और पानी से बनने वाली बिजली। चीन ने बिजली बनाने के दूसरे तरीकों पर भी तेजी से काम किया है, जैसे सौर ऊर्जा, हवा से बनने वाली ऊर्जा और पानी से बनने वाली बिजली।

### एक्सपर्ट- इस जंग में कोई असली विजेता नहीं

ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूट की सीनियर फेलो मेलानी सिसन ने उठठ से कहा कि जंग में कोई असली विजेता नहीं है। अमेरिका को भी रणनीतिक फायदा नहीं मिला है। संघर्ष का असर पूरी दुनिया पर दिख रहा है। ईरान, लेबनान और खाड़ी देशों से लेकर भारत तक पूरी दुनिया के लोग इसकी कीमत चुका रहे हैं। ईरान की सरकार ने भी अंदरूनी विरोध पर सख्ती बढ़ा दी है। साल की शुरूआत से अब तक 600 से ज्यादा लोगों को फांसी दी जा चुकी है। देश में आठ हफ्तों से इंटरनेट बंद है और अर्थव्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। जिससे नौकरियां जा रही हैं और गरीबी बढ़ रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल ने लेबनान के करीब 15% हिस्से पर कब्जा कर लिया है और वह इस इलाके को बफर जोन के रूप में बनाए रखना चाहता है, जब तक हिजबुल्लाह को कमजोर नहीं कर दिया जाता सीनियर पत्रकार नोरा बौस्तानी का कहना है कि लेबनान के लोगों को सबसे बड़ा डर यही है कि देश का एक हिस्सा फिर लंबे समय तक विदेशी कब्जे में रह सकता है। यह इलाका मुख्य रूप से बॉर्डर से लेकर लितानी नदी तक फैला हुआ है।

## अंतर ढूंढो...




## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |


## वर्ग पहेली



### बाएं से दाएं
1. उचित, गलत का विलोम-2
4. अधिकार-2
6. परछाई-2
7. सम्मान, प्रसिद्धि-2
9. उल्टी, कै, वमन-3
12. रंग (अंग्रेजी-3)
14. चंचल, फुर्तीला-3
16. भयभीत होना-4
17. फुर्तीलापन-4
18. बसंत काल-3
20. भ्रम, वहम-3
22. आश्रय, शरण-3
24. राजनीतिक पार्टी-2
26. शारीरिक ऊंचाई-2
27. गन्ना-2
28. शाखा, टहनी-2

### ऊपर से नीचे
1. नमस्ते, आदाब-3
2. देह, बदन, तन-2
3. शराब, मदिरा-2
5. डोली उठानेवाले-3
6. पत्नी की छोटी बहन-2
8. वहम, संदेह-2
10. जरूरतमंद-5
11. नाग, सर्प-2
13. आनंदित होना-5
14. भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15. ढीला, सुस्त-3
19. नुक्सान, घाटा-2
20. सद्कार्य-3
21. नशा, सरूर, खुमार-2
22. ओहदा-2
23. भवन, कोठी-3
25. क्षण, पल-2
26. कलिका, फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 11 | | 55 | | 35 | = | 35 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 25 | | 22 | | 50 | | 30 | = | 23 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 10 | | 2 | | 5 | = | 35 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 10 | | 4 | | 4 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 35 | | 33 | | 14 | | 21 | = | 27 / 37 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | म | मा | गौ | त | म | बु | द्ध | गु | क | वि |
| हा | हा | सू | ह | का | ल | जी | स | ल | को | ज |
| स्वा | मी | रा | द | अं | त | त | र | मो | ल | अ |
| गां | र | दा | भा | ल | क | वा | दा | ह | व | र |
| धी | ख्या | न | ध | प्र | म | डे | र | म्मा | सी | विं |
| दि | मी | य | रा | जि | ता | क | प | द | गु | दो |
| बे | ह | बु | मां | या | म | प | टे | र | ठ | धो |
| ठी | पू | सु | त्ला | ब | पं. | सौ | ल | ट | बा | घ |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | ने | ने | जे. | न | र |
| शि | ल | च | त | र | ट | क | ह | न | क | थ |
| वा | अ | क | ब | र | वा | इ | र | रू | ह | धी |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 4 | | 3 | |
| 2 | 28 | | 33 | 7 | 35 | |
| | | 5 | 6 | | 7 | |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| | 2 | | 3 | 5 | | |
| | 31 | 2 | 31 | | 30 | 6 |
| | 1 | | 4 | | 5 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# भारतीय बनें, भारतीय खरीदें, भारतीय संस्कृति पर गर्व करें।

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद - प्रयोग करें | बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पाद बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | गोदरेज, संतूर, निरमा, मैसूर सैंडल, विप्रो-शिकाकाई, मेडिमिक्स, सिंथाल, नीमा | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, डॅव, पॉंडन्स, पामोलिव, जान्सन, डेटॉल, एमवे |
| कपड़े व फर्श धोने का साबुन | स्वस्तिक, ससा, प्लस, निरमा, विमल, हीपोलिन, डेट, फेना, उजाला, इजी, घड़ी, जेंटिल, आरती, दो कैंची, स्वराज, वैगस | व्हील, एरियल, सर्फ एक्सल, रिन, विमबार, रॉबिन ब्लू |
| सौंदर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यु, सिंथॉल, संतूर, इमामी, बोरोप्लस, तुलसी, वीको टर्मरिक, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पेराशूट, डाबर, झंडू, सांडू, बैद्यनाथ, हिमालय, बारोलीन, बजाज सेवाश्रम, मूव, क्रेक क्रीम, अयूर | जॉनसन, पाण्ड्स, ओल्ड स्पाईस, फेयर एण्ड लवली, मेडीकेयर, नायसिल, लिरिल, लेक्मे, पेन्टीन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लीनिक |
| टुथपेस्ट दंतमंजन टुथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, विको, एंकर, डाबर, मिसवाक, अजंता, बैद्यनाथ, इमामी, हिमालय, दंतकांति | कोलगेट, सिबाका, क्लोजअप, पैप्सोडैंट, ओरल-बी, एमवे, सैन्सोडाईन |
| शेविंग साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, वी-जॉन, टोपाज, पार्क एवेन्यू | निविया, ओल्ड स्पाईस, जिलेट, सेवेन-ओ-क्लाक |
| बिस्किट, चाकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | बेकमेन, मोर्नको, क्रेकजैक, शालीमार, पैरी, रावलगांव, क्लासिक, अमूल, न्यूट्रामूल, सफल, वेरका, सागर, प्रिया गोल्ड, न्यूट्रीन, वीटा, मदर डेरी, क्रीमिका, राजा, सनफीस्ट, पार्ले, फर्निटियर, महालक्ष्मी, हल्दीराम, बिकानो | ब्रिटानिया, टाईगर, मैरी, नैसले, कैडबरी, बोर्नव्हिटा, हार्लिक्स, बूस्ट, किसान, मैगी, कॉम्प्लान, मिल्कफूड |
| चाय-कॉफी | टाटा टी, आसाम टी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, टिपस, तेज, टाटा कॅफे, टाटा-टेटली, वाघ-बकरी, आर्गेनिक, इन्डिया | ब्रुक बाण्ड, ताजमहल, रेड-लैबल, लिप्टन, ग्रीन लेवल, नेसकैफे, नेस्ले, ब्रू |
| शीतपेय, चटनी, आचार, मुरब्बा | एनर्जी, कैपोकोला, जम्पिन, फ्रुटी, डाबर, रसना, हमदर्द, रूह-आफजा, हल्दीराम, गोकुल, बीकानेर, प्रिया, अशोक, मदर्स, रियल जूस | लेहर, पेप्सी, सेवन-अप, मिरींडा, कोका-कोला, सोडा, लिम्का, थम्स-अप, फैन्टा, स्प्राईट |
| पीने का पानी | बैली, नेचुरल, रेल नीर | ॲक्वाफिना, किन्ले, फोस्टर्स |
| आईस्क्रीम | दिनशॉ, वाडीलाल, अमूल, हिमालय, निरूला, मदर डेयरी, हैव मोर, वेरका, वीटा, क्रीमबेल, प्रीतम बादशाह | कैडबरी, क्वालिटी वॉल्स, बास्कीन-राबिन्स, कॉर्नेट्टो |
| खाद्यतेल, खाद्य पदार्थ | सनफलावर, मारुति, पोस्टमैन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, सनड्राप, रथ, पैराशूट, अशोक, सफोला, गगन, अमृत, वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, डाबर, लिज्जत, शक्तिभोग आटा, टाटा नमक, एम.टी.आर., हल्दीराम, बिकानों, महालक्ष्मी | डालडा, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक, आटा और मैगी, किसान, ब्रुक बाण्ड, पिल्सबरी आटा, कैप्टन कुक नमक और आटा, अंकल चिप्स, लेज, लेहर |
| विद्युत उपकरण गृहोपयोगी वस्तु | विडियोकॉन, बी.पी.एल., ओनिड़ा, सलोरा, टी-सीरीज, वेस्टर्न, टी.सी.एल., गोदरेज, बजाज, ऊषा, पोलर, ऐंकर, सूर्या, ओरिएन्ट, क्रॉम्टन, लायड्स, ब्लूस्टार, वोल्टास, खेतान, एवरड्रेडी, जिप, नोविनो, सुमित, हॉकिन्स, प्रेस्टीज, महाराजा, प्रेशर कुक्कर, सुजाता मिक्सी | फिलिप्स, सोनी, निप्पो, शार्प, व्हर्लपूल, सेमसंग, नैशनल-पैनासोनिक, तोशिबा, एलजी, हिताची, सानसूई, केनवुड, टपरवेयर, ओमेगा, टाइमैक्स, पायोनियर |
| घड़ियां | टाईटन, अजंता, एचएमटी, मैक्सिमा, फास्ट्रैक | ओमैगा, टाईमेक्स, राडो, टीसोट, गेस, माट ब्लैक |
| लेखन सामग्री | विल्सन, कैम्लिन, रोटोमैक, सेलो, स्टिक, मोंटेक्स, कैमल, स्टिक, अप्सरा, लिंक, बिल्ट, चौहान पेपर्स | पार्कर, पायलट, फैबर-कैसेल, लक्जर, कोरस |
| जूते, चप्पल, पॉलिश | लखानी, लिबर्टी, एक्शन, पैरागॉन, करोना, रिलैक्सो, रेड-टेप, किवी शू पॉलिश, वुडलैंड | प्यूमा, पॉवर, चेरी-ब्लॉसम, एड्डिास, रिबॉक, नाइकी, लीकूपर, गैसोलीन, बाटा |
| तैयार कपड़े | स्पाईकर, डयूक, मफतलाल, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईग मशीन, जोडिएक, डेनिम, प्रोलीन, टीटी, लक्स, अमूल, वीआईपी, रूपा, रेमण्ड, ग्रासिम, पार्क एवेन्यू, अल्टिमो, मोन्टी कार्लो, | ली, पीटर इंग्लैंड, ऐरो, लोकास्टे, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेपे जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, एलन सोली, यूएस पोलो। |

**उपरोक्त के अतिरिक्त सभी स्थानीय, लघु-कुटीर उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद**

■ वर्ष-12 अंक-180 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश |छत्तीसगढ़ |गुजरात |महाराष्ट्र |राजस्थान |उत्तरप्रदेश |उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 04 मई, 2026

## सुभाषितानि

तैलाद्रक्षेत् जलाद्रक्षेत्रक्षेत् शिथिल बंधनात्।
मूर्खहस्ते न दातव्यमेवं वदति पुस्तकम्।।

**भावार्थ** : पुस्तक कहती है, तेल से मेरी रक्षा करो, जल से मेरी रक्षा करो, मेरे बंधन को ढीला मत होने दो, और मुझे मूर्ख के हाथों में मत डालो।

दुयतं पुस्तकवाद्ये च नाटकेषु च सक्तिता।।
स्त्रियस्तन्द्रा च निन्द्रा च विद्याविघ्नकराणि षट्।।

**भावार्थ** : खेल में अष्टक, वाडो, नाट्य (बाधा), (पुरुष), तंद्रा और निंद्रा – येंद्र शास्त्री में।

## सम्पादकीयम्

### महिला आरक्षणविषये

महिला आरक्षणविषये सहमतिः, परिसीमनविषये विवादः; सत्ताधारी विपक्षी दलयोः मतभेदाः अवश्यमेव सेतुः करणीयः महिला-आरक्षणस्य, परिसीमनस्य च विषये सत्ताधारी-प्रबन्धस्य विपक्षस्य च मध्ये तनावः वर्धितः अस्ति। नरेन्द्रमोदी इत्यनेन आश्वासनं दत्तं यत् कोऽपि भेदभावः न भविष्यति, तस्य कार्यान्वयनस्य पद्धतेः विषये विपक्षः प्रश्नान् उत्थापयति। दक्षिणराज्यानां चिन्ता अद्यापि वर्तते। दीर्घकालं यावत् प्रलम्बितस्य महिला आरक्षणविधेयकस्य विषये सहमतिः निमातुं सवेषां हितधारकाणां कृते स्वीकार्यं संकल्पं अन्वेष्टुं च आवश्यकतायां बलं दत्तम् अस्ति। विशेषसंसदसत्रस्य प्रथमदिने एव सर्वकारस्य विपक्षस्य च मध्ये यः तनावः दृष्टः आसीत् तस्य पूवार्भासः बहुपूर्वं कृतः आसीत्। परिसीमनस्य विषये दक्षिणराज्यानि केन्द्रस्य विषये संशयिताः एव तिष्ठन्ति-एतत् वृत्तिः यस्मिन् ते विपक्षदलेभ्यः समर्थनं प्राप्नुवन्ति। यद्यपि पीएम नरेन्द्रमोदी लोकसभायां आश्वासनं दत्तवान् यत् कस्यापि राज्यस्य भेदभावः न भविष्यति तथापि अस्मिन् विषये सत्ताधारीविपक्षशिबिरयोः मध्ये महत्त्वपूर्णः खाई अद्यापि वर्तते। परिसीमनस्य चिन्ता : पीएम इत्यनेन महिला आरक्षणस्य विषयस्य राजनैतिकपरिमाणे तौलनस्य विरुद्धं अपीलं कृतम् अस्ति। महिलानां नेतृत्वक्षमताम् उद्धृत्य सः चेतवति स्म यत् ये जनाः अस्य परिवर्तनकारीपरिवर्तनस्य विरोधं कुर्वन्ति तेषां कृते भविष्ये तस्य मूल्यं दातव्यं भवेत् इति। परन्तु विपक्षस्य आक्षेपः महिला आरक्षणं प्रति एव न, अपितु तस्य कार्यान्वयनस्य प्रकारं।

#### चतुमार्सान् यावत् लापता पतिं अन्वेष्टुं द्वारे द्वारे भ्रमन्ती

# असहायपत्नी न्यायं प्राप्तुं निर्दोष बालकेन सह पुलिसस्थानम्



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

गोहलपुर-आधारताल-क्षेत्रेभ्यः एकः दुःखदः प्रकरणः उद्भूतः यत्र गतचतुमार्सान् यावत् एकः पत्नी भर्तुः सुरक्षित-पुनरागमनस्य आशायां लप्य भ्रमितुं बाध्यः अस्ति। पीडिता सुन्दरबाई खाण्डेकरः अद्य-रविवासरे, अप्रैल-मासस्य २६ दिनाङ्के-प्रायः १२:०० वादने अधरतलपुलिसस्थानम् आगत्य पुलिसाधिकारिणां समक्षं स्वस्य असहायतां पातितवती। स्वस्य निदोर्षं ३ वर्षीयं बालकं बाहुयुग्मे धारयन् सुन्दरबाई इत्यनेन उक्तं यत् तस्याः पतिः अमुलखण्डेकरः (४० वर्षीयः) २०२६ तमस्य वर्षस्य जनवरी-मासस्य ४ दिनाङ्कात लापता अस्ति। चतुमार्सानां व्यतीतानां अनन्तरम् अपि तस्य कोऽपि लेशः न प्राप्तः इति तथ्यं पुलिस-दक्षतायाः, परिवारस्य सुरक्षायाः च विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्पद्यन्ते

घटनायाः विवरणानुसारं अमुलखण्डेकरः प्रतिदिनं यथा भवति तथा कार्यार्थं जनवरी-मासस्य चतुर्थे दिने प्रातःकाले गृहात् निर्गतवान्। सामान्यतया सः दैनिकवेतनश्रमिकरूपेण कार्यं कृत्वा दिवसं व्यतीतवान् सायंकाले विलम्बेन सुरक्षिततया गृहं प्रत्यागच्छति स्म। तथापि सा दैवयोग्यरात्रौ परिवारस्य सुखं अपहृतवती। यदा अमुल् रात्रौ विलम्बेन अपि गृहं प्रत्यागन्तुं असफलः अभवत् तदा सुन्दरबाई तस्य अन्वेषणं कर्तुं आरब्धवान्। प्रारम्भे सा चिन्तितवती यत् सः अतिकार्यभारात् पुनः तिष्ठति इति, परन्तु परदिनपर्यन्तं तस्य चिह्नं नासीत्। पीडिता स्वयमेव जिज्ञासां कृतवती-बन्धुजनानाम्, परिचितानाम्, भर्तुः कार्यस्थानं च प्राप्य-किन्तु प्रत्येकं मोडने निराशायाः अतिरिक्तं किमपि न प्राप्नोत् अधरतालपुलिसस्थाने स्वस्य शिकायतां दातुं सुन्दरबाई-अश्रुपूर्णनेत्रैः-विगत-११३ दिवसेषु सा स्वपतिं अन्वेष्टुं नगरस्य प्रत्येकं कोणं च धुन्धुमारं कृतवती इति प्रकटितवती। तस्याः स्थिरः आयस्य स्रोतः नास्ति, भर्तुः अन्तधार्नात आरभ्य कुटुम्बस्य आर्थिकस्थितिः भृशं क्षीणा अभवत्। यदा तस्याः निर्दोषः ३ वर्षीयः बालकः स्वपितुः विषये पृच्छति तदा माता अश्रुपातं विहाय अन्यत् उत्तरं न अवशिष्यते। पीडिता कथयति यत् सा एतादृशी निराशाजनकावस्थायां न्यूनीकृता यत् सा स्वस्य एव जीवनयापनार्थं अन्येषां उपरि अवलम्बितुं बाध्यते; तथापि सा त्यक्तुं नकारयति, प्रशासनं संकल्पं दास्यति इति आशां लप्य प्रतिरविवासरे पुलिस-स्थानम् आगच्छति। पीडिता पुलिसं सूचितवती यत् सा पूर्वं लापताव्यक्तिप्रतिवेदनं दाखिलवती; तथापि चतुर्णां दीर्घमासानां व्यतीतानां बावजूदपि पुलिसैः अद्यापि किमपि ठोसनिष्कर्षं न प्राप्तम्।

#### तदतिरिक्तं अत्यधिकं

# गैर-शैक्षणिककर्तव्यं कृत्वा शिक्षकाणां उपरि अतिभारः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

केवलं शिक्षकाणां संख्यां वर्धयितुं अपर्याप्तम् इति विशेषज्ञाः वदन्ति; तेषां नियमित उपस्थितिः सुनिश्चित्य, निर्देशस्य गुणवत्तां निर्वाहयितुं, छात्रप्रगतेः प्रभावीरूपेण निरीक्षणं च तथैव महत्त्वपूर्णम् अस्ति। तदतिरिक्तं अत्यधिकं गैर-शैक्षणिककर्तव्यं कृत्वा शिक्षकाणां उपरि अतिभारः छात्राणां शैक्षणिकशिक्षणं अपि प्रतिकूलरूपेण प्रभावितं करोति।

एतस्मिन् समये परीक्षां न उत्तीणार्नां छात्राणां कृते अपि काचित शुभसमाचारः अस्ति। मध्यप्रदेशमाध्यमिकशिक्षामण्डलेन अस्मिन वर्षे पूरकपरीक्षायाः पारम्परिकव्यवस्थां समाप्तं कृत्वा तस्य स्थाने द्वितीयपरीक्षा योजना कृता अस्ति। अस्य प्रावधानस्य अन्तर्गतं छात्राः परीक्षां पुनः दत्त्वा उत्तीर्णाः भवितुम् अर्हन्ति, ये तु पूर्वमेव उत्तीर्णाः सन्ति ते अपि एतस्य अवसरस्य लाभं स्वीकृत्य स्वस्य स्कोरस्य उन्नयनं कर्तुं शक्नुवन्ति। एषा परीक्षा २०२६ तमस्य वर्षस्य मे-मासस्य ७ दिनाङ्के आरभ्यते, छात्राः ऑनलाइन-रूपेण वा स्वस्व-विद्यालयस्य माध्यमेन वा आवेदनं कर्तुं शक्नुवन्ति।

अपि च, मध्यप्रदेशसर्वकारस्य रुक जननही योजना तेषां छात्राणां कृते महत्त्वपूर्णसमर्थनव्यवस्थारूपेण कार्यं करोति ये केनापि कारणेन परीक्षां न प्राप्नुवन्ति। अस्याः योजनायाः अन्तर्गतं छात्राः मध्यप्रदेशराज्यस्य मुक्तविद्यालयस्य माध्यमेन येषु विशिष्टविषयेषु असफलाः अभवन्, तान् पुनः ग्रहीतुं शक्नुवन्ति। अस्य उपक्रमस्य एकं प्रमुखं वैशिष्ट्यम् अस्ति यत् वर्षे एकवारादधिकं परीक्षाः क्रियन्ते, येन छात्राणां कृते शीघ्रं द्वितीयः अवसरः प्राप्यते, तेषां शैक्षणिकवर्षस्य अपव्ययः न भवति इति सुनिश्चितं भवति जबलपुरविभागे अस्य विद्यालयस्य परिणामाः केवलं सांख्यिकी न भवन्ति।

## औसतवेगं प्रतिकूलरूपेण प्रभावितयन्ति अपितु मार्गदुर्घटनानां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

एते कटौतीः न केवलं वाहनानां औसतवेगं प्रतिकूलरूपेण प्रभावितयन्ति अपितु मार्गदुर्घटनानां प्रमुखाः कृष्णबिन्दवः इति अपि उद्भूताः। एतेषां अनधिकृत-उद्घाटनानां कारणात वेगवन्तः वाहनाः आकस्मिक-ब्रेक-प्रयोगं कर्तुं बाध्यन्ते, येन आपत्कालीन-वाहनानि-एम्बुलेन्स-इत्यादीनि-यातायातस्य जामस्य, बाधानां च मध्ये अटन्ति याचिकायां तर्कः अस्ति यत् राजमागेर्षु एते ३०० अनधिकृताः कटौतीः मानवअधिकारस्य, मार्गसुरक्षाविनियमानाञ्च प्रत्यक्षं उल्लङ्घनं भवन्ति। एतत प्रकाशयति यत्, बहुधा, एम्बुलेन्स-वाहनानां विलम्बेन आगमनस्य कारणेन चिकित्सालयं गन्तुं मार्गे एव रोगिणः स्वरोगाणां कृते मृताः भवन्ति-एतत् कस्यापि सभ्यसमाजस्य कुशलप्रशासनस्य च कृते गम्भीरचिन्ताजनकः विषयः अस्ति एतान् तर्कान् अभिलेखे गृहीत्वा।

## राशिफल

**मेष** : घर का माहौल ठीक रहेगा, पार्टनर का साथ मिलेगा। जो बात पहले अटकी थी, उसमें अब आगे बढ़ने का मौका मिल सकता है।

**वृषभ** : दिन थोड़ा सुस्त रह सकता है। मन काम में देर से लगेगा। शरीर भी थोड़ा भारी लग सकता है।

**मिथुन** : कोई कॉल या मैसेज काम का निकल सकता है। दिन में दो-तीन छोटी बातें आपको फायदा दे सकती हैं।

**कर्क** : घर की तरफ ध्यान ज्यादा रहेगा। कोई घरेलू काम या जिम्मेदारी सामने आ सकती है।

**सिंह** : काम तेजी से करेंगे और लोगों से बात भी साफ रखेंगे। अगर कुछ नया शुरू करना है तो कोशिश कर सकते हो।

**कन्या** : काम में पकड़ मजबूत रहेगी। ऑफिस में आपकी बात सुनी जाएगी। कोई नया मौका भी मिल सकता है।

**तुला** : पैसे से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है। रुका हुआ काम या पेमेंट आ सकता है।

**वृश्चिक** : आज भाग्य साथ देगा। अटका काम आगे बढ़ सकता है। कहीं आने-जाने का प्लान बन सकता है।

**धनु** : आज लोग आपकी बात मानेंगे। काम में आपकी पकड़ दिखेगी। कोई पुरानी उलझन सुलझ सकती है।

**मकर** : आज मन थोड़ा उलझा रह सकता है। बेवजह सोच बढ़ सकती है। काम तो होगा, लेकिन ध्यान बार-बार भटकेगा।

**कुंभ** : दिन अच्छा रहेगा। पैसा आने के मौके बन सकते हैं। कोई दोस्त या जान-पहचान वाला काम आ सकता है।

**मीन** : जल्दबाजी में कोई फैसला मत लो। सेहत का ध्यान रखो और गाड़ी आराम से चलाओ।

## ज्योतिष/वास्तु

# इस साल ही नहीं अगले साल भी 3 राशियों को शनि देंगे कष्ट, परेशानियों में होगी वृद्धि

ज्योतिष में शनि की साढ़ेसाती का विशेष महत्व होता है। साल 2026 में शनि मीन राशि में ही रहेंगे जिसके कारण मेष, कुंभ और मीन राशियों पर शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव पूरे साल बना रहेगा। जून 2027 शनि मीन से मेष राशि में गोचर होंगे।

वैदिक ज्योतिष में सभी नौ ग्रहों में से कुछ शुभ तो कुछ अशुभ फल देने वाले ग्रह होते हैं। जैसे ज्योतिष में शनि को पापी और अशुभ ग्रह माना गया है। सभी ग्रहों में शनि सबसे मंद गति से चलने वाले ग्रह हैं। ये किसी एक राशि में करीब ढाई वर्षों तक रहने के बाद दूसरी राशि में गोचर करते हैं। शनि की धीमी चाल के कारण इनका प्रभाव काफी लंबे



समय तक रहता है। शनि साल 2026 में गुरु के स्वामित्व वाली राशि मीन में रहेंगे। शनि के मीन राशि में होने की कारण वर्तमान समय में मेष, कुंभ और मीन राशि वालों पर शनि की साढ़ेसाती जारी है। वहीं साल 2027 में भी इन राशियों के ऊपर शनि की साढ़ेसाती रहेगी। ज्योतिष शास्त्र की गणना के अनुसार शनि 3 जून 2027 को मीन राशि से निकलकर मेष राशि में गोचर करेंगे। ऐसे में कुंभ राशि वालों पर तो शनि की साढ़ेसाती खत्म हो जाएगी लेकिन मेष और मीन राशि वालों को साढ़ेसाती का सामना करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं मेष, कुंभ और मीन राशि वालों पर साल के बाकी बचे महीने कैसे बीतेंगे।

**मेष राशि पर शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव–** मेष राशि वालों पर शनि की साढ़ेसाती के चलते कई तरह की परेशानियों का सामना करना होगा। इस दौरान खर्चों में बेफिजूल की वृद्धि और मुश्किलें उठानी पड़ सकती है और आय में गिरावट देखने को रहेगी।साल 2026 के बाकी कुछ महीनों में आपके ऊपर कर्ज बढ़ सकते हैं। जिससे आपको मानसिक परेशानियां बढ़ेंगी।कामकाज को लेकर मन में कई तरह दुविधा रहेगी और मानसिक तनाव रहेगा। नौकरीपेशा जातकों को नौकरी से संबंधित कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ राशि पर शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव–** कुंभ राशि वालों पर शनि की साढ़ेसाती का नकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। इस दौरान निवेश संबंधी मामलों में नुकसान हो सकता है जिससे आपकी आर्थिक स्थिति कमजोर रह सकती है। साढ़ेसाती के प्रभाव के कारण आपके बनते हुए काम बिगड़ सकते हैं। धन हानि की संभावना लगातार बन रही है। पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते आपको कड़ी मेहनत और संघर्षों का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान सेहत संबंधी तमाम तरह की मुश्किलों का सामना आपको करना पड़ सकता है।

**मीन राशि पर शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव–** मीन राशि वालों को नौकरी में मुश्किलों का सामना ज्यादा करने की संभावना है। पूरे साल आपको कई तरह की आर्थिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान जल्दबाजी में कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय करने से आपको बचना होगा। जो लोग साल 2026 में घर, जमीन और वाहन आदि की खरीदारी की योजना बना रहे हैं उनको इसे टाल देना चाहिए। प्रेम विवाह में साथी की तरफ आपको कई तरह की मुश्किलों का सामना करना होगा।

## खबर एक नजर...

### नीट परीक्षा केंद्रों का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**उज्जैन।** रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश नीट 2026 परीक्षा आयोजित की गई थी। शहर में अलग-अलग कॉलेजों में परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में आयोजित हो रही परीक्षा का औचक निरीक्षण करने पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा केन्द्रों पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुविधा, यातायात नियंत्रण और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया के दौरान शांति, पारदर्शिता, अनुशासन बनाए रखा जाए, जिससे सभी अभ्यर्थी बिना किसी व्यवधान के परीक्षा दे सकें। नीट परीक्षा में 200 प्रश्न पूछे गये थे, जिसमें परीक्षार्थियों को 180 प्रश्न करना अनिवार्य था।

### लापता बालिका 18 दिन बाद मजदूरी करती मिली

**उज्जैन।** दौलतपुर से भील परिवार मजदूरी के लिये बड़नगर तहसील आया था। परिवार ड्रीम सिटी में ठहरा था। 14 अप्रैल को परिवार की 16 वर्षीय बालिका अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति पर बहला-फुसलाकर ले जाने की शंका जताते हुए बड़नगर थाना पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बालिका की तलाश के लिये एसआई हेमंत कटारे, प्रधान आरक्षक प्रदीप डामोर, रामनारायण चौहान, अश्विन पाठक, मनोहर मोहरी, महिला आरक्षक ज्योति हाड़ा की टीम गठित की। लगातार तलाश के दौरान 18 दिन बाद शनिवार को पता चला कि बालिका ग्राम चंपेलिया बदनावर में मजदूरी कर रही है। तत्काल टीम बदनावर पहुंची और देर रात बालिका को दस्तयाब कर बड़नगर लाया गया। जहां बयान दर्ज करने पर बालिका ने बताया कि मोबाइल चलाते समय मां ने फटकार लगाई थी और मोबाइल छीन लिया था। इसी बात से नाराज होकर वह घर छोड़कर चली गई थी। बालिका ने अपने साथ कुछ गलत होना नहीं बताया। थाना प्रभारी के अनुसार बालिका को समझाईश के बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### पानदरीबा में घर के सामने नाली जाम होने पर विवाद

**उज्जैन।** पानदरीबा में मकान बनाने के लिये रखे समान से नाली जाम होने से गंदगी होने पर विजय पिता कैलाशचंद्र भट्ट 40 साल और विजय पिता प्रभाकर राव कानड़कर 56 साल के बीच विवाद हो गया। दोनों के बीच गाली गलौज और मारपीट के बाद मामला जान से मारने की धमकी तक जा पहुंचा। मारपीट में दोनों के पिता को चोट आई। मामला खाराकुआ थाना पहुचा तो दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करने लगे। विवाद शांत नहीं होने पर पुलिस द्वारा दोनों पक्षों की शिकायत कर मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर लिया। विजय कानड़कर का कहना था कि विजय भट्ट मकान बना रहा है जिसके चलते सामान उसने घर के सामने रखा है जिसकी वजह से नाली चौक हो गई और गंदा पानी घर के सामने फैल रहा है। नाली जाम होने की बात कही गई तो मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई है।

### पति से विवाद के बाद खाई नींद की गोलियां

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम में रहने वाली सपना पति ईश्वर 35 साल मायके नैनावद में आयोजित शादी में शामिल होने गई थी, पति भी पहुचा था। जहां दोनों के बीच विवाद हो गया उसे वक्त तो परिवार ने मामला शांत कर दिया, लेकिन शनिवार को सपना मायके से लोड कर ससुराल आई तो उसकी फिर से पति से शादी में हुए विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। सपना मेडिकल से नींद की गोलियां खरीद कर लाई और खा ली। हालत बिगड़ने पर उसे तराना अस्पताल ले जाया गया जहां से उज्जैन चरक अस्पताल रैफर किया गया है। सपना की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है पुलिस बयान दर्ज कर पति-पत्नी के बीच काउंसलिंग कराकर मामला खत्म करा सकती है।

2 3 6

---


**भयावह हादसे में परिवार के चार सदस्य घायल, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल**

# रफ्तार से दौड़ती कार ने छीनी महिला की जिंदगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रफ्तार से दौड़ती कार के चालक ने रविवार को महिला की जिंदगी छीन ली। हादसे में परिवार चार सदस्य घायल हुये है। जिसमें 3 बच्चे शामिल है। दुर्घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें चालक कार लेकर भागता दिखाई दे रहा है।

मामला उन्हेल थाना क्षेत्र के नई दिल्ली चौराहा का है। एसआई मांगीलाल मालवीय ने बताया कि गुरला रोड नई दिल्ली कस्बे में रहने वाली जमीला बी पति सलीम शाह 55 साल परिवार के 3 बच्चों शिफा 13 साल, फरहान 8 साल, इरशाद 6 साल और तबस्सुम पति सरफराज 35 साल के साथ पैदल रिश्तेदारी में आयोजित कार्यक्रम में



शामिल होने के लिये जा रही थी। नई दिल्ली चौराहा पर सड़क किनारे चल रहे परिवार के सामने रफ्तार से दौड़ती कार आई और पूरे परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। सीधे सामने से टक्कर होते ही जमीला बी उछलकर दूर जा गिरी। बच्चे और तबस्सुम घायल हो गये। टक्कर मारने के बाद चालक ने कार लेकर भाग निकला। आसपास के लोगों ने घायल बच्चों को संभाला और दोनों महिलाओं को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद जमीला बी को मृत घोषित कर दिया। घायल बच्चों और तबस्सुम को उपचार के लिये भर्ती किया गया। दुर्घटना की जानकारी सामने आते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। कार का नम्बर ट्रेस किया गया है, जिसके आधार पर चालक की तलाश की जा रही है। एसआई मालवीय के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर मृतक महिला का पोस्टमार्टम कराया गया है। वहीं परिवार के इमरान पिता सलीम शाह की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125 ए, 106 (1) का प्रकरण दर्ज किया गया है। घटनाक्रम के बाद दुर्घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज सामने आया है। जिसमें सामने से रफ्तार से आती कार को देख पूरा परिवार बचने का प्रयास करता दिखाई दे रहा है। कार चालक ने पहले 1 बच्चों और तबस्सुम को टक्कर मारी और फिर एक बच्ची के साथ जमीला बी को कुचला। फुटेज में कार चालक को रोकने के लिये कुछ लोग पीछे भागते भी दिखाई दे रहे है। थाना प्रभारी संतोष चौहान के अनुसार जल्द कार को जप्त कर चालकों को हिरासत में लिया जायेगा।

### रात में कानीपुरा मार्ग पर हुई दर्दनाक दुर्घटना

चिमनगंज थाना क्षेत्र के कानीपुरा मार्ग पर मल्टी के सामने शनिवार-रविवार रात दर्दनाक दुर्घटना हुई। बाइक पर सवार 2 युवकों को अज्ञात आयशर ने बुरी तरह कुचल दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां कुछ देर बाद एक की मौत हो गई। मृतक और घायल की पहचान करने पर सामने आया कि मृतक समीर पिता शब्बीर 21 साल निवासी मदारबड़ तराना और घायल सोहेल 22 साल है। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान मृतक समीर के परिजनों ने बताया कि दोनों पेंटरी का काम करते थे। उज्जैन काम करने आये थे और रात में वापस तराना लौट रहे थे। चिमनगंज थाना पुलिस ने अज्ञात आयशर और चालक की तलाश शुरू की है।

## 15 दिन पहले शाहीद हुई, मायके में आकर खाया जहर, मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ग्राम बाढ़ कुम्मेद से 23 वर्षीय महिला को परिजन गंभीर हालत में उज्जैन लेकर पहुंचे थे। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार रविवार रात 12 बजे महिला की मौत हो गई 15 दिन पहले ही उसकी शादी हुई थी और 2 दिन बाद ही ससुराल से मायके आ गई थी।

बताया जा रहा है कि बाढ़ कुम्मेद में रहने वाली सपना पति हर्षदीप सोलंकी 23 वर्ष को परिजन शनिवार शाम को चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे उसकी हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल ले जाया गया। सपना ने जहरीला पदार्थ खाया था उपचार के दौरान रात में मौत हो गई। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान भाई अजय ने बताया कि सपना की शादी 11 अप्रैल को हुई थी वह



अपने ससुराल गई थी 13 अप्रैल को दादी गीता बाई का निधन होने पर मायके आ गई थी उसके बाद से मायके में रह रही थी। सपना का किसी से कोई विवाद नहीं था ना ही उसने किसी को कुछ बताया था। उसकी हालत बिगड़ती देख उपचार के लिए उज्जैन लेकर आए थे। शादी के 15 दिन बाद ही जहर खाकर अपनी जान देने वाली महिला के संबंध में पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच की बात कही गई है।

## धुआं उठते ही चलती कार बनी आग का गोला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

40 डिग्री से अधिक तापमान में रविवार को चलती कार आग का गोला बन गई। धुआं उठता देख कार में सवार 2 लोगों ने ब्रेक लगा दिये थे। जिसके चलते दोनों की जान बच गई।

राजस्थान के निंबाहेड़ा निवासी लक्ष्यराज सिंह राठौड़ अपने साथी के साथ रिश्तेदारी में मिलने खाचरौद के ग्राम अर्जला पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी कार के बोनट से अचानक धुआं निकलने लगा। लक्ष्यराज ने कार रोककर जैसे ही बोनट खोला उसमें से आग की लपटे निकलने लगी। लक्ष्यराज और उसके साथी ने भागकर जान बचाई। लेकिन आग तेजी से फैली और कुछ ही मिनटों में पूरी कार आग का गोला बन गई। कार में आग लगने की सूचना मिलते ही खाचरौद पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर



काबू पाया गया, लेकिन कार पूरी तरह जल चुकी थी। गनीमत रही कि दोनों युवक समय रहते कार से बाहर निकल गए, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

**शॉर्ट सर्किट से लगी आग-** प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि लगातार लंबी दूरी तय करने और भीषण गर्मी के कारण कार की वायरिंग में शार्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। कार में डीजल फुल टैंक होने से आग तेजी से फैली उसमें रखा सामान भी और कपड़े भी पूरी तरह से जल गये थे। खाचरौद थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

**अलीराजपुर के 2 युवक रिमांड पर, 2 युवकों के कबूले नाम**

# गुजरात पासिंग ट्रक में भरी मिली 45 लाख की बीयर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अवैध शराब का परिवहन होने की खबर पर शनिवार-रविवार रात पुलिस ने नाकाबंदी की और निनौरा टोल के पास से गुजरात पासिंग ट्रक पकड़ा। जिसमें 45 लाख की बीयर भरी होना सामने आई। 2 युवकों को गिरफ्तार कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। दोनों ने ट्रक में बीयर भरने वाले 2 युवकों के नाम कबूल किये है।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि रात में खबर मिली थी कि गुजरात पासिंग ट्रक क्रमांक जीजे 17 यू यू 9877 में अवैध शराब का परिवहन हो रहा है। ट्रक इंदौर की ओर जाने वाला है। सूचना पर एसआई हेमंत जादौन, अनिल ठाकुर, प्रधान आरक्षक दिग्विजयसिंह, आरक्षक मुकेश मालवीय, कमल जसौदिया, अनिल हाड़ा, जगदीश सोनी, राजेश गयंद के साथ निनौरा टोल के पास नाकाबंदी की गई। ट्रक को रोका गया, जिसमें अलीराजपुर के ग्राम रामसिंह की



चौकी के रहने वाले रवि पिता जुबानसिंह चौहान 22 साल और गमरा पिता सुरसिंह गुजरिया 26 साल मौजूद थे। दोनों को हिरासत में लिया गया और ट्रक की तलाशी ली गई। जिसमें शराब की पेटियां भरी हुई थी। ट्रक जप्त कर थाने लाया गया। जहां सामने आया कि 900 पेटी बीयर है।

### धार में खाली होना था बीयर से भरा ट्रक

थाना प्रभारी यादव ने बताया कि अवैध शराब परिवहन करते गिरफ्तार किये गये दोनों युवकों को रविवार दोपहर न्यायालय में पेश कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि अलीराजपुर के रहने वाले बबलू रावत और बबलू पटेल ने ट्रक में बीयर की पेटियां भरी थी और धार में खाल करने को कहा था। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों से पूछताछ जारी है। 2 नाम सामने आने पर उनकी गिरफ्तारी के लिये एक टीम अलीराजपुर रवाना की जायेगी। उसके बाद ही पता चल पायेगा कि 900 पेटी बीयर कहां से और कैसे धार तक पहुंचाई जा रही थी।

जिसके परिवहन के दस्तावेज ट्रक में मौजूद मिले चालक और परिचालक के पास नहीं है। दोनों के खिलाफ मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया। 900 पेटी की कीमत 45 लाख और ट्रक 55 लाख कीमत का होना सामने आया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com